



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 193/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 21 फरवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट, 56 हजार के करीब आया सोना, चांदी भी 66 हजार के नीचे आई

सांध्यप्रकाश विशेष

## दो आईएएस अधिकारियों की शादी को लेकर चर्चाएं



इन दिनों दो आईएएस अधिकारियों की शादी को लेकर खूब चर्चा हो रही है। दोनों आईएएस अधिकारी अपने पार्टनर को तलाक दे चुके हैं और अब बहुत जल्द शादी के बंधन में बंधन वाले हैं। आईएएस अधिकारी और संबलपुर कलेक्टर अनन्या दास ने रविवार को बलांगीर कलेक्टर चंचल राणा से संबलपुर में उनके आवास पर सगाई की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों ने अपने परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों की उपस्थिति में पारंपरिक रीति नीति के अनुसार सगाई करते हुए एक-दूसरे को अंगूठियां पहनायी।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दास और राणा तीन महीने के भीतर शादी के बंधन में बंध जाएंगे। इस दौरान सुवर्णपुर के जिलाधीश अबोली सुनील नरवणे एवं सम्बलपुर के एसपी वी.गंगाधर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चंचल के परिवार के सदस्य भी सम्बलपुर आए थे।

एक दिन पहले चंचल एवं अनन्या दोनों मिलकर एक सोने की दुकान में जाकर सोने के आभूषण भी खरीदे थे।गौरतलब है कि असम की बेटी अनन्या दास इससे पहले वर्तमान कोरापुट के कलेक्टर अब्दुल एम.अख्तर के साथ शादी के बंधन में बंधी थी। दोनों में मतभेद होने के बाद दोनों एक-दूसरे से अलग हो गए थे। इसी तरह ओडिशा में पढ़ाई करने वाले चंचल राणा ने पहले वर्तमान की रायगढ़ कलेक्टर स्वधा देव सिंह से शादी की थी। ये दोनों भी एक-दूसरे से अलग हो गए थे। अपने-अपने पार्टनर से अलग होने के बाद दास और राणा ने दोबारा शादी करने का फैसला लिया।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने की इंदौर के ग्रीन बांड की लिस्टिंग




भोपाल। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घंटी बजाकर इंदौर नगर पालिका निगम के ग्रीन बॉन्ड पब्लिक इश्यू को जारी किया।

इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड के माध्यम से इंदौर नगर पालिक निगम द्वारा 244 करोड़ रुपये के ग्रीन बांड की लिस्टिंग की गई। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगरीय प्रशासन प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई, आयुक्त प्रतिभा पाल, अपर आयुक्त दिव्यांक सिंह भी उपस्थित थे।

### इंदौर ने लगातार देश में प्रदेश का नाम रोशन किया है : चौहान

इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लगातार छह सालों से इंदौर स्वच्छता के मामले में देश में प्रथम रहा है। इस पर हमें गर्व है। इसके लिए हम इंदौर की जनता के आभारी हैं। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम अपने प्रदेश के शहरों को और विकसित करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रदेश के पांच शहरों में ग्रीन बांड की लिस्टिंग की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से इंदौर कई कीर्तिमान स्थापित किया है। देश के प्रधानमंत्री जी ने ग्रीन बांड जारी करके किए। सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने सहयोग किया। इंदौर सांसद शंकर लालवानी कहा कि मुख्यमंत्री जी के सहयोग इंदौर ले जनता के प्रयासों से इंदौर को स्वच्छता में प्रथम लाने में सफल हुए हैं।

ग्रीन बांड का पब्लिक इश्यु जारी करने वाला इंदौर देश का पहला शहर है। नगर निगम द्वारा जलूद में 60 मेगावाट सोलर पावर प्लांट लगाने की तैयारी है। इससे इंदौर के प्रतिमाह के बिजली खर्च में चार-पांच करोड़ रुपये की कमी आएगी। इसके लिए ग्रीन पब्लिक बांड जारी कर बाजार से 244 करोड़ रुपये प्राप्त करने की निगम की योजना है। निगम का बांड जारी होने के तीन दिन में ओवर सब्सक्राइब हो गया था। निवेशक ग्रीन बांड में 720.25 करोड़ रुपये निवेश करने को तैयार हैं। इस बांड का मूल्य एक हजार रुपये है। ग्रीन बांड 10 फरवरी से 14 फरवरी तक आमजन के लिए जारी किए गए थे।

## भारत का यूपीआई सिंगापुर के पे-नाऊ से जुड़ा

नई दिल्ली। तेज गति भुगतान और आसान उपयोग की वजह से भारत का यूपीआई दुनियाभर में लोकप्रिय हो रहा है। सिंगापुर के पे-नाऊ और भारत के यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के बीच मंगलवार को सीमा पार कनेक्टिविटी लॉन्च हो गई। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के पीएम हेसिन लूंग इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुभारंभ के साक्षी बने।

इस सुविधा का शुभारंभ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास और सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) के प्रबंध निदेशक रवि मेनन ने किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूपीआई-पेनाऊ लिंकेज (भारत और सिंगापुर के बीच) की शुरुआत दोनों देशों के नागरिकों के लिए एक उपहार है, जिसका वे बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मैं इसके लिए भारत और सिंगापुर दोनों के लोगों को बधाई देता हूं। उन्होंने आगे कहा, आज के दौर में टेक्नोलॉजी हमें कई तरह से एक-दूसरे से जोड़ती है। फिनटेक एक ऐसा सेक्टर है जो लोगों को एक-दूसरे से जोड़ता है। आम तौर पर, यह एक देश की सीमाओं के भीतर सीमित है। लेकिन आज की लॉन्चिंग ने सीमा पार फिनटेक कनेक्टिविटी का एक नया अध्याय शुरू किया है। आज के बाद सिंगापुर और भारत के लोग अपने मोबाइल फोन से उसी प्रकार पैसे ट्रांसफर कर पाएंगे जैसे वो अपने अपने देश में करते थे।



### तुर्की से लौटे जवानों से मिले प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तुर्किये और सीरिया में आए भीषण भूकंप के बाद भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन दोस्त के तहत गए सेना जवानों से मुलाकात की। ऑपरेशन दोस्त की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन दोस्त से जुड़ी पूरी टीम, एनडीआरएफ हो, सेना हो, वायुसेना हो या हमारी दूसरी सेवाओं के साथी हों, सभी ने बेहतरीन काम किया है। देश को आप पर गर्व है। हमारी संस्कृति ने हमें वसुधैव कुटुम्बकम की सीख दी है। हम पूरी दुनिया को एक परिवार मानते हैं। जब परिवार का कोई सदस्य मुसीबत में हो तो उसकी मदद करना भारत का कर्तव्य है। हम सभी ने वो तस्वीरें देखी हैं जहां एक मां माथे पर चूम कर आपको आशीर्वाद दे रही थी।

## सागर में पुलिया से टकराकर बस पलटी 25 से ज्यादा यात्री घायल, इनमें स्टूडेंट्स भी





**सागर।** सागर में बस पलटने से 25 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। घायलों में स्कूल के बच्चे भी हैं। हादसा जैसीनगर रोड पर सरखड़ी के पास हुआ। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी गेट से यात्रियों को बाहर निकाला गया। कामतानाथ ट्रैवल्स की बस सागर से जैसीनगर जा रही थी। रास्ते में सेमाढाना से शिशु मंदिर स्कूल के करीब 25 छात्र-छात्राएं भी इसमें बैठे। सरखड़ी के पास बस बेकाबू होकर पुलिया से टकराकर पलट गई। 32 सीटर बस में 40 से ज्यादा यात्री थे।




### तुर्किये-सीरिया में फिर भूकंप-5 मौतें

अंकारा। तुर्किये और सीरिया में 14 दिन बाद एक बार फिर से सोमवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.4 रही। इसमें 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 294 घायल हो गए। इसका केंद्र हताय प्रांत का अंताक्या शहर है। भूकंप की गहराई 2 किलोमीटर तक रही। इसके बाद आए आफ्टर शॉक्स की तीव्रता 3.4 से 5.8 रही। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि कई ऐसी इमारतें गिर गई हैं, जो 6 फरवरी को आए तीन भूकंप से कमजोर पड़ गई थीं। कई लोग मलबे में फंसे हैं। बताया जा रहा है कि मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई अभी नहीं, संसद में शिवसेना के ऑफिस पर भी शिंदे गुट का कब्जा

नई दिल्ली। शिवसेना के चुनाव चिह्न को लेकर घमासान जारी है। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। ताजा खबर यह है कि उद्धव ठाकरे की याचिका पर मंगलवार को भी सुनवाई नहीं हो सकी। अब बुधवार को सुनवाई की उम्मीद है। इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने सोमवार को उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। उद्धव गुट जल्द सुनवाई की मांग कर रहा है ताकि और नुकसान होने से बचाया जा सके।

इस बीच, उद्धव ठाकरे को उस समय एक और झटका लगा जब लोकसभा में शिवसेना का दफ्तर शिंदे गुट को आवंटित कर दिया गया। इसके लिए शिंदे गुट की ओर से लोकसभा सचिवालय को चिट्ठी लिखी गई थी। इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की है। इस याचिका के जरिए शिंदे ने सर्वोच्च अदालत से अनुरोध किया है कि उनका पक्ष जाने बगैर कोई फैसला न दिया जाए। बता दें. चुनाव आयोग ने एक बड़ा फैसला देते हुए शिवसेना के नाम और चुनाव चिह्न (तीर कमान) पर एकनाथ शिंदे गुट का अधिकार दिया था। उसके बाद उद्धव ठाकरे और उनके करीबियों में हड़कंप की स्थिति है।

चुनाव आयोग से शिवसेना का नाम और निशान छीने जाने के फैसले पर उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि इस देश में सभी संस्थाएं खत्म हो गई हैं। लोकतंत्र की हत्या हो गई है, तो अब एक ही आशा बची है- सर्वोच्च न्यायालय।

# मध्यप्रदेश सहित आठ राज्यों के 72 ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

नई दिल्ली/भोपाल। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआईए ने मंगलवार सुबह आठ राज्यों में 72 जगह छापेमारी की है। गैंगस्टर लॉरेंस और उसके करीबियों के ठिकानों पर यह रेड हुई हैं। एनआईए राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश में एक साथ कार्रवाई कर रही है।


सूत्रों के मुताबिक, एनआईएको बिश्नोई और बवाना गैंग को पाकिस्तान से फंडिग की जा रही है, जिसका इस्तेमाल देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जाता है। सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में जेल में बंद लॉरेंस और नीरज बवाना ने भी हथियार सप्लायर गिरोह और टेरर फंडिंग की बात कबूली थी। एनआईए को रेड के दौरान कई जगह हथियार भी मिले हैं।

राजस्थान में लॉरेंस और नीरज बवाना से जुड़े नेटवर्क को लेकर एनआईए का ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि एनआईए को इनके पास तस्करी के विदेशी हथियार मिलने का इनपुट है। एनआईए जोधपुर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं सहित बीकानेर-श्रीगंगानगर सहित बॉर्डर के कुछ इलाकों में कार्रवाई कर रही है।

एनआईए ने कनाडा में बैठकर पंजाब में आतंक फैला रहे लखबीर लंडा के अलावा गैंगस्टर लॉरेंस और गोल्डी बराड़ के करीबियों के ठिकानों पर दबिश दी है। कुछ दिन पहले ही लखबीर लंडा को एनआईए ने आतंकी घोषित किया है और लगातार उसके करीबियों पर नजर रखी जा रही थी। उन्हीं के ठिकानों पर एनआईए ने रेड की है।

इधर, हरियाणा के नारनौल में एनआईए ने अलसुबह गैंगस्टर सुरेंदर उर्फ चीकू के ठिकानों पर रेड की। एनआईए ने गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू के गांव मोहनपुर स्थित निवास के अलावा नारनौल की सेक्टर 1 में रह रहे उसके रिश्तेदार के यहां भी रेड की। इस दौरान स्थानीय पुलिस की टीम भी साथ थी। इससे पहले हुद्ध गैंगस्टर सुरेंद्र उर्फ चीकू के मोहनपुर वाले घर पर रेड कर चुकी है।

यूपी के पीलीभीत और प्रतापगढ़ में एनआईए ने रेड की है। पीलीभीत में जांच एजेंसी पंजाब की जेल में बंद एक युवक के घर पहुंची थी। इस दौरान लोकल पुलिस भी मौजूद थी। वहीं, प्रतापगढ़ में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के मेंबर की मौजूदगी के संदेह में एनआईए युवक के घर पर पहुंची थी।



गुजरात के गांधीधाम में एनआईए ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी सहयोगी कुलविंदर के परिसरों पर छापेमारी की। कुलविंदर कई साल से बिश्नोई का सहयोगी है। उसके खिलाफ बिश्नोई गैंग के लोगों की मदद करने के आरोप में कई केस दर्ज हैं। एनआईए के सूत्रों ने खुलासा किया कि कुलविंदर इंटरनेशनल ड्रग सिंडिकेट से भी जुड़ा है।

## उज्जैन, नागदा, रतलाम में बिश्नोई के गुर्गों के घर एनआईए के छापे

नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने मध्यप्रदेश के उज्जैन में छापेमारी की है। टीम ने नागदा से योगेश भाटी और राजपाल चंद्रावत को उठाया। 7 घंटे पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि हरियाणा के बदमाश दीपक रमदा ने मोहाली (पंजाब) में इंटेलिजेंस के ऑफिस पर रॉकेट लॉन्चर दागा था। हमले में योगेश और राजपाल के शामिल होने का इनपुट एनआईए को मिला था। दीपक को नेपाल बॉर्डर से पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उसने ही पूछताछ में दोनों के नाम बताए थे। योगेश का कनेक्शन पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड से भी जुड़ा है। एनआईए को इनपुट मिला था था कि इस हत्याकांड के आरोपियों ने नागदा में योगेश के घर फरारी काटी थी। योगेश भाटी के घर एनआईए इससे पहले भी सर्च कर चुकी है। केंद्रीय जांच एजेंसी की टीम मंगलवार सुबह 4 बजे नागदा पहुंची। टीम ने बिरलाग्राम के दुर्गापुरा की ईडी कॉलोनी से योगेश और रत्ना खेड़ी गांव से राजपाल को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। दोनों आरोपी कुछ दिन पहले ही तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आए हैं। टीम इन पर तीन-चार दिन से नजर रखे हुए थी।

### रतलाम में भी छापा

रतलाम में भी एनआईए की टीम पहुंची है। हालांकि, किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड, हथियार तस्करी और टेरर फंडिंग से जुड़े मामले को लेकर रतलाम के पिपलोदा में टीम पहुंची है। रतलाम एनआईए अभिषेक तिवारी ने बताया है कि एनआईए के चार से पांच अधिकारियों ने रतलाम आकर जांच की है।

## झारखंड सरकार के मंत्रालय समेत देश के 24 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

रांची। झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय में इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े रांची समेत देशभर के 24 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय छापेमारी कर रहा है। बता दें कि इससे पहले 20 फरवरी को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी श्वष्ठ ने प्रदेश में 12 से ज्यादा कांग्रेस नेताओं के घर छापेमारी की थी। सुबह 5 बजे से ईडी की टीम रायपुर में कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं के घर और दफ्तर पहुंची थी। दस्तावेजों को खंगालने के साथ-साथ जांच अभी भी जारी है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक राज्य की राजधानी रांची, जमशेदपुर और दिल्ली सहित लगभग दो दर्जन स्थानों पर संघीय जांच एजेंसी के जांचकर्ताओं द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला राज्य सतर्कता ब्यूरो की शिकायत के बाद सामने आया है जिसमें सरकारी काम के अनुदान के बदले कुछ कथित कमीशन का भुगतान किया गया था, और सूत्रों ने कहा कि इन आरोपों के संबंध में अधिक सबूत इकट्ठा करने के उद्देश्य से तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के एक अधिकारी और कुछ एंट्री ऑपरेटरों (हवाला डीलरों) और दलालों के परिसर को कवर किया जा रहा है।

## यूफ्लेक्स पैकेजिंग कंपनी के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

नई दिल्ली। यूफ्लेक्स पैकेजिंग कंपनी के ठिकानों पर मंगलवार सुबह से आयकर विभाग की बड़ी छापेमारी जारी है। आज सुबह से कंपनी के देश भर के ठिकानों पर इनकम टैक्स की टीम छापेमारी कर रही है।नोएडा, मुंबई, दिल्ली आदि ठिकानों पर भी छापेमारी चल रही है। आयकर विभाग पैकेजिंग कंपनी के देशभर में 64 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर रहा है। वहीं नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 20 ठिकानों पर छापेमारी जारी है। ये जांच नोएडा यूनिट की है। बताया जा रहा है कि कंपनी की ओर से अलिखित लेन-देन और टैक्स चोरी की बात सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि विभाग कंपनी के खातों पर बीते गई दिन से नजर रख रहा था, जिसके बाद ये सर्च की जा रही है।

## पंजाब में सीबीआई के छापे




सीबीआई ने मंगलवार को पंजाब में राजपुरा, पटियाला, सरहिंद, फतेहगढ़ साहिब, मोहाली, सुनाम, मोगा, फिरोजपुर, लुधियाना और संगरूर सहित 30 से अधिक स्थानों पर दबिश दी। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, एफसीआई अधिकारियों, निजी चावल मिल मालिकों और अनाज व्यापारियों के परिसरों पर रेड की गई है। पूरा मामला एफसीआई को भारी रिश्वत के भुगतान के संबंध में है।

### रेजीमेंट मार्ग की सड़क, नाली निर्माण और नारियल खेड़ा तक आवागमन सुधारु करने करने की मांग

# दुकानें बंद रखकर व्यापारियों ने रहवासियों के साथ दिया धरना

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पुराने भोपाल के शाहजहांनाबाद क्षेत्र के फुटकर व्यापारी संघ द्वारा क्षेत्र के निवासियों और सम्पूर्ण व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्वप्रेरणा से बन्द रख, मां दुर्गा मन्दिर के सामने शाहजहानांबाद चौराहा पर विशाल धरना दिया। जिसमें अध्यक्ष अशोक जैन के नेतृत्व में विधायक आरिफ मसूद, रामजीवन दुबे, ज्ञानी जी, मांगीलाल वाजपेई, भगवानदास ढालिया सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी का कहना था किं क्षेत्र की महान विरासत को बचाने के साथ ही रेजीमेन्ट रोड़ और उससे सम्बद्ध छोटी गलियों, रोड़ पर नाली का पानी नाली से ज्यादा सड़कों पर बहता है. सड़क लगभग समाप्त हो गयी है तथा धूल का गुबार हर समय उड़ता है जिससे सड़क कोहरे से भरपूर नज़र आती है। इसके फलस्वरूप स्थानीय व्यापारीगण एवं निवासी अस्वस्थ होने के साथ ही दुर्घटना के शिकार हो जाते है आदि वक्ताओं ने शासन प्रशासन को बार-बार ध्यानाकर्षण ज्ञापन व निवेदन के उपरांत भी समस्या जस की तस है। इस समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई। इस अवसर पर डॉ. आशीष शर्मा, मेवा लाल कनर्जी, अयाज भाई, अजय दुबे, राजेंद्र शर्मा सहित भारी संख्या में गणमान्य और क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत



**संत हिरदाराम नगर ।** संत हिरदाराम नगर आए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कपड़ा एसोसियेशन, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत, पूज्य सिंधी पंचायत, किराना व्यापारी संघ, बोरवन क्लब, बर्तन व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत करन वालों में भाजपा नेता राम बंसल, विनय दादलानी, दिनेश वाधवानी, इंद्र भोजवानी, राजेश बेलानी, गुलाब जेठानी, कमल विधानी, चंदू इसरानी, महेश खटवानी, हर्षित दुवे सहित जगदीश आसवानी, रामचंद मूलचंदानी, रमेश हिंगोरानी, मूलचंद वीधानी, साबूमल रीझवानी, नरेश केवलरामानी, जवाहर मूलचंदानी बाबूभाई, नारायणदास तोलानी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

# संबल हितग्राहियों को भी आयुष्मान योजना का लाभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत भवन संनिर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क चिकित्सा का प्रावधान किया गया है। जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में श्रमिकों का पंजीयन कर आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क चिकित्सा का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना में प्रत्येक परिवार को प्रति व्यक्ति वर्ष में 5 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क चिकित्सा के लिए नजदीकी आयुष्मान पंजीयन केन्द्र, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केन्द्र और एमपी आनलाईन केन्द्र पर जाकर पंजीयन कराया जा सकता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए जानकारी प्राप्त करने के लिए विभागीय पोर्टल http:/labour.mp.gov.in/default.asp& पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### एकता पार्क कोलार में मनी शिवाजी जयंती



**भोपाल।** क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज युवा संगठन कोलार द्वारा एकता पार्क में शिवाजी जयंती मनाई गई। कायक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने शिवाजी के जीवन पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान संगठन सचिव राजू पाटनकर, अशोक धोटे, जगन्नाथ सातव सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# चार दिनी राजावीर विक्रमादित्य महोत्सव को लेकर बैठक

### 24 से 27 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित



**संत हिरदाराम नगर।** हर साल की तरह इस बार भी राजा वीर विक्रमादित्य महोत्सव उत्साह एवं परम्परागत ढंग से मनाया जाएगा। इसके लिए संत हिरदाराम नगर की राजा वीर विक्रमादित्य महोत्सव एवं मंदिर समिति की बैठक अध्यक्ष किशोर तेजवानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बताया कि 24 फरवरी को याराना ग्रुप एवं सुनील सत्संगी द्वारा नाम स्मरण व भक्ति संगीत तथा भजनों का कार्यक्रम रात 9 बजे किया जाएगा। उक्त आयोजन समाज सेवी स्व. प्रेमचंद तेजवानी, स्व. नारीमल नरियानी एवं स्व. रूपचंद रायचंदानी की स्मृति में रखा गया है। जबकि 25 फरवरी को चार दिनी मेले का विधिवत उद्घघाटन विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा किया जाएगा। इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश मिश्रा अध्यक्षता करेंगे। इसी दिन शाम 4.30 बजे से संज रमेश एण्ड पार्टी की सिंधी सेज का कार्यक्रम रखा गया है। शाम 7 बजे से विश्व प्रसिद्ध सिंधी भक्ति गीतों के रचियता परमानंद प्यासी का कार्यक्रम होगा जबकि 26 फरवरी को शाम 5 बजे से थांवरदास मोहन एण्ड पार्टी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे जबकि 27 फरवरी को सुबह विश्व शांति मानव कल्याण एवं सुख स्मृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना पल्लव के साथ चार दिवसीय समारोह का समापन होगा।

# लुप्त होती सिंधी भाषा के संरक्षण और संवर्धन की जरूरत: सुरेश जसवानी



**संत हिरदाराम नगर।** सिंधियों की राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी सामाजिक संस्था अखिल भारतीय सिंधी महासभा समिति (रजि.) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश जसवानी ने लुप्त होती सिंधी भाषा के संवर्धन एवं संरक्षण के व्यापक प्रबंध पर जोर दिया दिया है, और कहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय सिंधी भाषा एवं विकास परिषद तथा मध्यप्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी को सक्रिय होने की जरूरत है, वरन भाषा के साथ सिंधी साहित्य, कला व संस्कृति पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

**रोजगार से जोड़ें भाषा को:** अन्तरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस पर जारी बयान में सुरेश जसवानी ने कहा है कि अनेक प्रदेशों एवं केन्द्रीय विद्यालयों में सिंधी भाषा के शिक्षकों के पद 40 साल से भरे नहीं गए हैं, वे रिक्त पड़े हैं सिंधी भाषा को जोरगार से जोड़ने की जरूरत है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकारें यह घोषणा करें कि जो भी विद्यार्थी कक्षा 12वीं सिंधी अरबी अथवा देवनागिरी में उत्तीण करेगा, तो उसे सिंधी सरकारी शिक्षक की नौकरी दी जाए, इसकी लालच में अनेक सिंधी गरीब परिवार अपने बच्चों को सिंधी पढ़ने के लिए बाध्य करेंगे इस तरह सिंधी का संरक्षण व संवर्धन संभव है।

**मां करें बच्चे से सिंधी में बात:** श्री जसवानी ने देश व विदेशों में निवास करने वाले सिंधी परिवारों की माताओं खासतौर पर युवा माताओं से अपील की है कि जन्म के एक साल के बाद जब बच्चा बोलना सीखता है, तब से लेकर कम से कम 7 वर्ष तक मां अपने बच्चे से मातृ भाषा अर्थात सिंधी में बात करे, तो वह जीवनभर अपनी मातृ भाषा को नहीं भूल सकता। लेकिन दुर्भाग्य से आज घरों से सिंधी भाषा लुप्त होती जा रही है और माता अपने बच्चे से या तो हिन्दी अथवा अंग्रेजी में बात करने लगी है।

**एनसीपीएल व अकादमी हो सक्रिय:** श्री जसवानी ने राष्ट्रीय स्तर पर गठित सिंधी भाषा विकास परिषद (एनसीपीएल) एवं मध्यप्रदेश सहित प्रदेशों की सिंधी अकादिमियों को सक्रिय करने पर जोर दते हुए कहा है कि जो भी सिंधी साहित्यकार, कलाकार, लेखक एवं विद्वान सिंधी भाषा का ज्ञान रखते हैं, उन्हें सिंधी भाषा पढ़ाने के लिए मोटी रकम देने के साथ ही जो भी सिंधी भाषा पढ़ने का इच्छुक हो उस विद्यार्थी को प्रतिमाह 10 हजार रूपए स्कालरशिप लेने की योजना बनाना चाहिए ताकि सिंधी भाषा को लुप्त होने से बचाया जा सके। श्री मीरचंदानी ने कहा है कि चाहे 10 अप्रैल सिंधी भाषा दिवस हो या 21 फरवरी मातृ भाषा दिवस, केवल सेमिनार, गोष्ठियां, सम्मेलन करने व लम्बे चौड़े भाषण देने से कुछ नहीं होगा, इसके लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करने होंगे तब ही भाषा को जीवित रखना संभव होगा वरन आने वाली पीढ़ी को हम मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहेंगे।

# एलएन आयुर्वेद कालेज एवं हॉस्पिटल में रक्तमोक्षण का कार्यक्रम



**भोपाल।** कोलार रोड एलएन आयुर्वद कॉलेज में आयुष एवं सीसीआरएएस द्वारा आयोजित स्टूडेंटशिप प्रोग्राम फॉर आयुर्वेद रिसर्च केन में संपूर्ण भारत वर्ष से शोध कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु शोध प्रस्ताव आमंत्रित किये गये जिसमें महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्र विशाल सेन का प्रस्ताव चयनित हुआ। उसी के तहत आयुर्वेद शास्त्र अनुसार रक्तमोक्षण की क्रिया हेतु 15 फरवरी से लेकर 19 फरवरी तक स्नेहपान, स्नेहन, स्वेदन द्वारा पूर्वकर्म किया गया। तत्पश्चात् 20 फरवरी को शल्य तन्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ निर्मला सावरकर एवं उनकी टीम की देखरेख में रक्तमोक्षण का आयोजन संपन्न किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार अजीत सोनी जी, एल.एन. आयुर्वेद महाविद्यालय के निर्देशक डॉ. विशाल शिवहरे जी, एवं प्रधानाचार्य डॉ. सपन जैन ने दीप प्रज्वलित किया एवं छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया।

### महाशिवरात्रि पर महाआरती और जागरण हुआ



**भोपाल।** वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भोपाल रायसेन जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी देवेंद्र योगी, युवा नेता विशाल साहू, समाजसेवी रामजी पाठक ने बाबा महाकाल मित्र मंडल के नेतृत्वकर्ता तिलक जोगी, राजकुमार चौरसिया, आयोजनकर्ता विशाल अहिरवार, अभिषेक अहिरवार, नितिन, अनिल, गोलू, रघुवीर, दीपू, संदीप, आकाश, रितिक के द्वारा वार्ड 73 के गरीब नगर चांदबाड़ी में आयोजित बर्फ से बने शिवलिंग की महाआरती एवं जागरण (शिव भजन) की पूजन कर की आरती। शिव म्यूजिकल ग्रुप के गायक वैभव शर्मा (सत्यम) एवं ग्रुप के अन्य भजन गायकों ने भजनों के माध्यम से श्रोताओं को खूब नचाया। कार्यक्रम के अयोजनकर्ताओं के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र उढ़ाकर शिव दरबार की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया। बालिस्ता रावत ने संबोधित करते हुए उपस्थित सब के कष्टों का निवारण एवं परिवार में सुख, समृद्धि की शिव जी से प्रार्थना की तथा अयोजनकर्ताओं को बधाई, शुभकामनाएं दी, राजू राठौर तथा देवेंद्र योगी ने भी संबोधित किया। तिलक जोगी ने स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण यादव के लिए श्रद्धांजलि अर्पित कराई गई।

# संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा बी. कॉम और बी.बी.ए पाठ्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं हेतु कृषि उपज मंडी समिति, करोंद,भोपाल का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को कमोडिटी मार्केट और उसके व्यवहारिक कार्य प्रणाली के बारे में अवगत कराना था।इस भ्रमण के दौरान बनवारी लाल त्यागी, मंडी निरीक्षक, मनोज सब्बरवाल, सहा. उ. नि., मुकेश कीर, स. उ. नि., प्रो. जैनब खान, प्रो. निकिता देवस्थली सहित 40 छात्राएं उपस्थित थी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं को मूल्य आधारित शिक्षा एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना उनके सर्वागीण विकास हेतु आवश्यक है।वर्तमान समय में वाणिज्य, विपणन और व्यवसाय का प्रायोगिक ज्ञान होना जरूरी है। छात्राओं को आयोजित शैक्षणिक भ्रमण में मंडी की जीवंत कार्य प्रणाली और नीलामी प्रक्रिया को सविस्तार बताया गया।

# रोटेरियन गुप्ता ने सीपीआर देकर बचाई शादी समारोह में आए व्यक्ति की जान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



समरधा रेंज स्थित रिजॉर्ट में में हो रही शादी समारोह में रमेश गुप्ता अचानक अचेत हो गए। ऐसे में शादी समारोह में शामिल रोटेरियन अनिल कुमार गुप्ता द्वारा सीपीआर देकर उन्हें बचाया जा सका। रोटेरियन अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि समर्दा रेंज में स्थित एक रिसोर्ट में शादी समारोह का कार्यक्रम था ऐसे में जबलपुर से आए रमेश गुप्ता का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ गया और वह अचेत होकर गिर पड़े। हार्टबीट एवं पल्स भी शून्य थी। रोटेरियन अनिल कुमार गुप्ता ने करीब 1:30 मिनट तक उन्हें सीपीआर दिए जिससे हार्टबीट फिर से वापस आ सके। रोटेरियन अनिल कुमार गुप्ता बताते हैं कि वह शुरू से ही इसकी प्रैक्टिस करते रहे हैं साथ ही ब्लड डोनेशन ग्रुप से भी जुड़े हुए हैं और लगभग देश के हर शहर में वह ब्लड पहुंचा चुके हैं। आजकल साइलेंट अटैक और कार्डियक अरेस्ट काफी मामले बढ़ रहे हैं। रोटेरियन अनिल कुमार गुप्ता का मानना है कि ज्यादातर लोगों को सीपीआर प्रक्रिया के बारे में जानना चाहिए और यह काफी आसान होता है यदि लोगों को इसका ज्ञान रहेगा तो इस तरह के मामलों में जान बचाई जा सकती है। अनेक सामाजिक संस्थाएं उनके किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित कर चुकी है हाल ही में मंत्री विश्वास सारंग एवं महापौर मालती राय द्वारा भी उनको कोरोना योद्धा से सम्मानित किया गया। साथ ही शादी विवाह में खाना बच जाता है उसको जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने वाली रोबिन हुड आर्मी से भी जुड़े हुए हैं। साथ ही रोबिन्हुड आर्मी के स्लम एरियाज में शिक्षा के कार्य से भी जुड़े हुए हैं।

# बैठक में लिया निर्णय, चैतीचांद पर भव्य शोभायात्रा एवं कार्यक्रम 22 को होगा



**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा व्यापारिक संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं व वरिष्ठ नगरवासियों के साथ पंचायत सभा भवन में पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। बैठक में चर्चा की गई कि चैतीचांद पर भव्य शोभायात्रा और विभिन्न कार्यक्रम प्रदेश के अन्य नगरो की तरह पूज्य सिंधी पंचायत सम्पन्न करवाए। इस अवसर पर पंचायत महासचिव माधू चांदवानी ने विस्तार से प्रकाश डाला। इस पर कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी, नरेश तोलानी के अतिरिक्त वासदेव वाधवानी राजकुमार वाधवानी, आसनदास वाधवानी, भरत आसवानी, दयाल सतानी, जगदीश आसवानी, कैलाश आसवानी आदि ने अपने अपने विचार रखे। चैतीचांद का पर्व संत नगर की दो सामाजिक संस्थाओं सिंधु समाज व सिंधु नवजागरण समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सिंधु समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली जाती है। पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 22 तारीख को बैठक रखी जाएगी जिसमे सिंधु समाज के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# नशे के विरोध में सामाजिक जागरुकता सम्मेलन आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



अल-अस्त्र एजुकेशनल सोसायटी के अंतर्गत एक सामाजिक जागरुकता सम्मेलन नशा अधिकतर बुराईयों की जड़ के विषय पर शनिवार 18 फरवरी, 2023 को सुभाष यादव भवन, न्यू मार्किट, भोपाल में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन के अवसर पर हिंदू धर्म, इस्लाम, ईसाई और बौद्धधर्म के वक्ताओं के अतिरिक्त नशामुक्ती विशेषज्ञ ने भी अपने विचार उपरोक्त विषय पर दर्शकों के सामने रखे। नयनाभिराम (प्रचारक, इस्कॉन) ने बताया कि नशे का सेवन करना शास्त्रों के अनुसार चार महापापों में से एक है। इसके कारण वर्तमान जीवन और आने वाला जीवन नरकमय बन जाता है। भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो (प्रमुख, बौद्धधर्म गुरू) ने अल-अस्त्र एजुकेशनल सोसायटी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक विषय पर इस तरह का कार्यक्रम मध्य प्रदेश में पहली बार आयोजित किया गया है। उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार से अपील की कि वह और राज्यों की तरह हमारे राज्य को भी नशामुक्त करने का प्रयास करे। डॉ. मनीष बोरासी (मनोचिकित्सक और नशामुक्ती विशेषज्ञ) ने चिकित्सा के दृष्टिकोण से शरीर पर नशे के दुष्प्रभाव समझाते हुए कहा कि नशा शरीर के सभी अंगों को प्रभावित करने के अलावा मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक स्वास्थ्य के लिये भी हानिकारक है। उन्होंने ये भी विश्वास दिलाया की नशे से मुक्ती परामर्श और दवाईयों द्वारा संभव है। फादर जोस प्रकाश (अध्यक्ष, दिव्य वाणी संघ) ने बाइबिल के श्लोकों से नशे की बुराइयों का वर्णन किया। विषय पर प्रकाश डालते हुए फादर ने कहा कि समाज की अधिकतर बुराइयाँ जैसे झगड़ा, चोरी, औरतों से छेड़छाड़, बलात्कार आदि नशे के कारण ही जन्म लेती हैं। अतहर खान (अध्यक्ष,अल-अस्त्र एजुकेशनल सोसायटी) ने कहा कि इस्लाम में सिर्फ नशे का सेवन ही नहीं बल्कि उसका खरीदना, बेचना, लाना लेजाना, परोसना आदि भी निषेध है। उन्होंने अंतिम ईशदूत मुहम्मद (स) का हवाला देते हुए लोगों से अनुरोध किया कि जिस चीज की अधिक मात्रा नशा पैदा करे हमें उसके थोड़े सेवन से भी बचना चाहिए तभी समाज नशे से मुक्त हो सकता है।

# संत हिरदाराम नगर में नए सत्र से खुलेगा सरकारी कॉलेज

## 23 करोड़ के एफओबी से खत्म होगी आवागमन की समस्या

## रियायती प्रीमियम पर सिंधी विस्थापितों को पट्टे देने की कार्यवाही की जाएगी

## मुख्यमंत्री ने शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा का किया अनावरण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आम जनता के कल्याण, मजबूत कानून-व्यवस्था और नशे जैसी सामाजिक कुरीतियों पर नियंत्रण के लिए सरकार निरंतर कार्य करेगी। राज्य सरकार का प्रयास है कि विकास कार्यक्रमों का लाभ लोगों को मिले और उनकी जिंदगी में सुखद परिवर्तन आए। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना, निम्न- मध्यम वर्गीय और गरीब वर्ग की आर्थिक दशा को बदलने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री आज संत हिरदाराम नगर के शहीद हेमू कालाणी स्टेडियम में विकास यात्रा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने यात्रा के दौरान लालघाटी से फंदा क्षेत्र तक शासकीय महाविद्यालय न होने की जानकारी प्राप्त होने पर संत हिरदाराम नगर क्षेत्र में अगले शिक्षण-सत्र से शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अमर बलिदानी हेमू कालाणी की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

मुख्यमंत्री चौहान ने विकास यात्रा अंतर्गत संत हिरदाराम नगर में 218 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया। उन्होंने कहा कि भौरी क्षेत्र में आवासों के निर्माण से निर्धन वर्ग को रहने के लिए पक्के मकान मिलेंगे। संत हिरदाराम नगर में फाटक रोड पर 23 करोड़ रुपए की लागत से फ्लाय ओवर निर्माण से इस क्षेत्र में आवागमन की कठिनाइयाँ दूर होंगी और नागरिकों के समय और ऊर्जा की बचत होगी।

### शिविर लगा कर देंगे विस्थापितों को पट्टे

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सिंधी विस्थापितों को जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा। शिविर लगाकर पट्टे प्रदान करने के लिए विधिवत प्रीमियम की रियायती दरें निर्धारित की जा रही हैं। इसके अनुसार 150 वर्ग मीटर भूमि तक पूर्व में निर्धारित 5 प्रतिशत के स्थान पर एक प्रतिशत और 150 वर्ग मीटर से 200 वर्ग मीटर तक 10 प्रतिशत के स्थान पर दो प्रतिशत प्रीमियम पर पट्टा दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य श्रेणियों में भी निर्धन वर्ग को भोजताल के केचमेंट क्षेत्र को छोड़ कर पट्टे प्रदान देने का कार्य किया जाएगा। चौहान ने आमजन के बीच जाकर उन्हें संबोधित किया और आमजन संवाद भी किया।



मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना में 5 मार्च से आवेदन प्रपत्र भरे जाएंगे। वार्ड, पंचायत, और ग्राम स्तर पर शिविर लगा कर बहनों के प्रपत्र भरवाए जाएंगे। योजना में निम्न, मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग की बहनों के खाते में हर महीने 1000 रूपए दिए जाएंगे। योजना का लाभ ढ़ाई लाख रूपए तक वार्षिक आय वाले परिवारों की महिला को प्राप्त होगा। किसान परिवारों को प्रधानमंत्री की ओर से 6 हजार और राज्य सरकार द्वारा 4 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना मेरे दिल की है। बहनों की आर्थिक हालत सुधर जाए, यही उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिए कहीं, किसी को भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शिविर लगा कर कार्य किया जाएगा। जन-प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रशासन के लोग घर- घर जाएंगे। आवेदन-पत्रों का परीक्षण कर जून माह से बहनों के खातों में पैसा डालना शुरू कर दिया जाएगा।

सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान प्रदेश की प्रगति के लिए समर्पित हैं। वे संवेदनशील होकर अपने नेतृत्व में जो कार्य कर रहे हैं उससे इस क्षेत्र में ही नहीं पूरे प्रदेश में नागरिकों को अनेक सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं। टेक्सटाईल मिल के लिए अचारपुरा में भूमि देने की पहल हुई है। अब आम जनता यह जान पा रही है कि विकास किसे कहते हैं। करोड़ों रूपए की योजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं। प्रदेश में बेटियों के जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई और विवाह तक सहायता देने का कार्य राज्य सरकार ने किया है। विधायक हुजूर रामेश्वर शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों के लिए आम जनता सरकार की आभारी है। मुख्यमंत्री चौहान के हाथों निकट भविष्य में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण होना है। शर्मा ने बताया कि साढ़े पाँच हजार आवासों के निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ है। संत हिरदाराम नगर के विस्तार की पहल हुई है। भौरी उप नगर बनेगा। आरओबी के निर्माण से किसी की दुकान नहीं उजड़ेगी। स्वतंत्रता के बाद अब तक ब्रिज नहीं बना था। चाहे संत हिरदाराम नगर की बात हो या ग्रामीण क्षेत्रों की, सभी जगह पेयजल, सिक्स लेन रोड, शहर को दो हिस्सों में विभाजित होने की समस्या से मुक्त करवाते हुए डबल डेकर फ्लाय ओवर का निर्माण, शैक्षणिक सुविधाओं का विकास और यातायात सुगम बनाने के कार्य किए जा रहे हैं।

## लाड़ली बहना योजना बदलेगी परिवारों की आर्थिक दशा

## भौरी क्षेत्र में 195 करोड़ की लागत से आवासों के निर्माण का हुआ भूमि-पूजन

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संत हिरदाराम नगर में विकास यात्रा में अनके विकास कार्यों की घोषणा की

### प्रारंभ हुए विकास कार्य

संत हिरदाराम नगर में शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा के अनावरण के अलावा जिन कार्यों की शुरूआत हुई, उनमें भौरी में 195 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों का भूमि-पूजन और 23 करोड़ रुपए की लागत से फाटक रोड पर बनने वाले फ्लाय ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन शामिल है। फ्लाय ओवर कालका चौराहा से थ्री ईएमई सेंटर तक बनेगा। इसकी लंबाई 765 मीटर और चौड़ाई 12 मीटर है। आरओबी इसी वर्ष बन कर तैयार होगा। कार्यक्रम में डॉ. धर्मेंद्र, सुमित पचौरी, किशन सूर्यवंशी, सुशील वासवानी, राजेश हिंगोरानी, विष्णु गेहानी, साबू रीझवानी, बसंत चेलानी सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद, जन-प्रतिनिधि और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शुरूआत कन्या-पूजन से हुई। मुख्यमंत्री चौहान का अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुष्पाहार से स्वागत किया।

### हेमू कालाणी बने युवाओं के प्रेरणा स्रोत

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संत हिरदाराम नगर में अमर बलिदानी हेमू कालाणी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि 20 वर्ष से कम आयु में देश के लिए बलिदान देने वाले हेमू कालाणी श्रद्धा के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के पूजे जाने से राष्ट्रवासियों को राष्ट्र-प्रेम की प्रेरणा मिलती है। हेमू कालाणी देश की आजादी के लिए सिंध की पवित्र भूमि पर शहीद होकर युवाओं के लिए प्रेरणा-स्रोत बने। उनकी शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा। संत हिरदाराम भी यहाँ सभी के लिए सम्मानीय हैं।

### हुजूर क्षेत्र में होंगे अनेक विकास कार्य

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हुजूर क्षेत्र में भी अनेक विकास कार्यों को अंजाम मिलेगा। क्षेत्र में सभी जायज कार्यों को भी पूरा किया। घर-घर टोंटी से जल प्रदाय, हिंदी में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई की व्यवस्था, आगामी 31 मार्च के बाद मदिरा के अहातों को बंद किए जाने, बेटियों और बहनों पर बुरी नजर रखने वालों और अपराधियों को कठोरतम सजा और विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का कार्य निरंतर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक श्री रामेश्वर शर्मा हुजूर क्षेत्र में विकास कार्यों को अमल में लाने के लिए बधाई के पात्र हैं।

## डॉ अंशुल राय को दखल प्राइड अवार्ड




**भोपाल।** डॉ. अंशुल राय, एडिशनल प्रोफेसर, दंत चिकित्सा, एम्स, भोपाल को डेंटल सर्जरी के क्षेत्र में उनके काम और उनके सामाजिक कार्यों के लिए दखल प्राइड अवार्ड मिला । यह अवॉर्ड उन्हें दिनांक 19 फ़रवरी, 2023, कुक्कुट भवन, भोपाल में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता आशुतोष राणा, पूर्व मंत्री संजय पाठक, अनुराग उपाध्याय और शेफाली गुप्ता ने दिया। एम्स परिवार और मित्रों ने डॉ. अंशुल राय को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने पर बधाई दी ।

## स्व. बलवंत राय मेहता के 124वें जन्मदिवस पर दिल्ली में हुआ कार्यक्रम



**भोपाल।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जनक स्व. बलवंत राय मेहता के 124वें जन्मदिवस को दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय मयूर विहार में पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोधकांत सहाय की अध्यक्षता मे मनाया गया तथा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक भी आयोजित हुई। जिसमें संपूर्ण भारत के प्रत्येक राज्य से पधारे हुए प्रतिनिधि सम्मिलित हुए और मप्र. अध्यक्ष के तौर पर बहादुर सिंह तोमर ने भी बलवंत राय मेहता के जीवन पर प्रकाश डाला और मप्र में पंचायत इस संगठन को मजबूत कर महात्मा गांधी एवं बलवंत राय मेहता के द्वारा देखे सपनों को साकार करने का प्रण लिय। इस कार्यक्रम मे उनके साथ मप्र से कौशलेंद्र सिंह, बृजेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, सौरभ शर्मा, देवेन्द्र श्रीवास्तव, रूपेश पाल, राकेश शर्मा, मीना वर्मा एवं अन्य अनेक लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री का कहना कांग्रेस ने शहीदों सम्मान नहीं किया दुर्भाग्यपूर्णः संगीता शर्मा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मीडिया विभाग उपाध्यक्ष सुश्री संगीता शर्मा ने कहा है कि बैरागढ़ में मंच से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बोलना की कांग्रेस ने अमर शहीद हेमू कालाणी का सम्मान नहीं किया बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं आपको बता देना चाहती हूं की कांग्रेस सांसद सुरेश केसवानी के प्रयासों से संसद भवन मे अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा लगी है। यह सब सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी की उपस्थिती में हुआ था। कांग्रेस सरकार ने अमर शहीद हेमू कालाणी की याद में डाक टिकट भी जारी किया था और कई राज्यों मे हेमू कालाणी चौराहे बनवाकर मूर्तियां भी स्थापित की थी। सुश्री शर्मा ने आगे कहा है कि इस तरह का झूठ कि कांग्रेस ने शहीदों सम्मान नहीं किया तो मुख्यमंत्री जी यह सम्मान नहीं तो और क्या है? आप देश का भविष्य बच्चों के सामने यदि इस तरह से इतिहास को तोड़ मरोड़ कर झूठ कहेंगे तो यह सीधे तौर पर अमर शहीदों के बलिदान का घोर अपमान है।

# विकास करने वाले ही विकास यात्रा निकालते हैं: गोविंद सिंह राजपूत

### सोमवार को सुरखी के ग्राम पचोहा, सांईखेड़ा, रूसल्ला, बटयावदा, बासौदा, बम्हौरीसेठ पहुंची विकास यात्रा, राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सोमवार को सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पचोहा, सांईखेड़ा, रूसल्ला, बटयावदा, बासौदा, बम्हौरीसेठ पहुंची विकास यात्रा का ग्रामीणों ने धूमधाम से फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। विकास यात्रा में पहुंचे राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कन्या पूजन करके विकास यात्रा की शुरूआत करते हुये करोड़ों रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विकास यात्रा को संबोधित करते हुये प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि जो विकास करते हैं वहीं विकास यात्रा निकालते हैं। भाजपा विकास करने वाली पार्टी है इसलिये वह विकास यात्रा धूमधाम से हर गांव में निकाल रही है। विकास यात्रा का उद्देश्य अपने विकास कार्य लोगों को गिनाना नहीं है बल्कि इस विकास यात्रा के माध्यम से ऐसे पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना से जोड़ना है जो किसी कारणवश लाभांवित नहीं हो सके हैं।विकास यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की दशा बदलना तो है ही साथ ही हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधारना भी है जिसको लेकर भाजपा ने कई जन कल्याणकारी योजनायें बनाई है, जिससे लोगों का जीवन स्तर सुधरा है और अब स्थिति यह कि हमारा प्रदेश प्रगतिशील प्रदेशों में गिना जाने लगा है। श्री राजपूत ने कहा कि अगर विकास का सही आंकलन करना है तो हमें अतीत के पन्नों में झांकना होगा जब न तो सड़के हुआ करतीं थीं और न ही ऐसी सुविधाएं थी जिनसे लोगों का जीवन स्तर सुधर सके। भाजपा ने गांव-गांव में पक्की सड़क, नल जल योजना, पुल पुलिया निर्माण करके हर गांव को शहर के मुख्य मार्गों से जोड़ा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन के साधन सुलभ हुये तथा रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

लाड़ली लक्ष्मी योजना के वितरित किये प्रमाण पत्र: राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा विकास यात्रा के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र वितरित करते हुये कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना से बेटियों का सम्मान बढ़ा है जिसमें भाजपा की सरकार बेटियों के खाते में राशि डालती है। इतना ही नहीं बेटियों के जन्म के बाद उनके स्कूली शिक्षा बिल्कुल नि:शुल्क तथा उच्च शिक्षा के लिये बेटियां जितना पढ़ना चाहे उसका खर्च भी भाजपा की सरकार वहन करती है। बेटियों को सशक्त एवं शिक्षित करने के लिये भाजपा की योजनायें मील का पत्थर साबित हो रहीं है। श्री राजपूत ने कहा कि बेटियों को जहां भाजपा ने सशक्त बनाया है तो वहीं हमारी माताओं-बहनों का दर्द समझते हुये उज्जवला योजना के माध्यम से उन्हें गैस कनेक्शन दिये गये ताकि धुंये में उनकी आंखे खराब न हो। श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा की संबल कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, छात्रवृत्तियां जैसी कई योजनाओं ने चहुँ ओर विकास किया है। जिसको लेकर भाजपा की विकास यात्रा चहुँ ओर पहुंच रही है। इस अवसर पर श्री राजपूत ने नये मतदाताओं का सम्मान किया एवं कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आये कमोली अहिरवार एवं उनके साथियों का स्वागत करते हुये क्षेत्र के विकास में साथ चलने का आवाहन किया।

इस अवसर पर गोविंद सिंह बटयावदा, रघुराज सिंह पटैल, विनोद ओसवाल, शिवराज सिंह पटैल, कमलेश, दशरथ, रूपसिंह, अजब सिंह यादव, जनपद सदस्य प्रमेंद्र सिंह, गुलाब सिंह, भगवानदास, नारायण घोषी, लक्ष्मीप्रसाद, शैतान सिंह, अनुराग पाठक, आयुष श्रीवास्तव, इंद्रपाल, नरेश सहित शासकीय विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती हैः योग गुरु महेश अग्रवाल

**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि मातृभाषा आदमी के संस्कारों की संवाहक है। मातृभाषा के बिना, किसी भी देश की संस्कृति की कल्पना बेमानी है। मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना उत्प्रेरित करती है। विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देने के लिये 21 फरवरी को अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। योग गुरु अग्रवाल ने बताया मातृभाषा का शाब्दिक अर्थ हैं, मां की भाषा। जिसे बालक माँ के सानिध्य में रह कर सहज रूप से सुनता और सीखता है। ध्यान योग बात यह है कि मातृभाषा को बालक माता-पिता, भाई-बहन अन्य परिवारीजनों तथा पड़ौसियों के बीच रह कर सहज और स्वाभाविक रूप से सीखता हैं।

मातृभाषा के द्वारा व्यक्ति राष?ट्र की समस्याओं से अवगत होकर राष?ट्र की उन्नति में भागीदार बन सकेगा। आज हमारे राष?ट्र के सामने मुख्य लक्ष्य हैं-- जनसंख्या नियंत्रण, आधुनिकीकरण, राष?ट्रीय एकता और अन्तरराष्टीय अवबोध। इन सबकी शिक्षा व्यक्ति को मातृभाषा के माध्यम से ही दी जा सकती हैं। सन् 1956 ई. में देश के प्रान्तों का एकीकरण इसी भावना का प्रतिफल था जिससे राष?ट्रीय एकता की भावना मजबूत हो सके।

## ओमप्रकाश मित्तल का निधन

**भोपाल।** स्व. श्री वृंदावन दास के सुपुत्र ओमप्रकाश मित्तल काला तिल का स्वर्गवास हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास ए-92 विजय नगर, टाटा शोरूम के पीछे से छोला विश्राम घाट पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर संतोष, चन्द्रप्रकाश, संजय, अजय, अलोक, मनोज, प्रिंस, गौरव, निमित्त सहित अनेक परिजन एवं रिश्तेदार, परिचित मौजूद रहे।

# मोबाइल एप से भी किसान कर सकेंगे अपने उत्पाद का विक्रय

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

किसानों को कृषि उपज विपणन के क्षेत्र में अभिनव कदम उठाते हुए मोबाईल एप के माध्यम से अपनी कृषि उपज का विक्रय अपने घर, खलिहान, गोदाम से कराने की सुविधा प्रदान की गई है। सर्वप्रथम किसान अपने एंड्राइड मोबाईल पर प्ले स्टोर में जाकर मंडी बोर्ड भोपाल का मोबाईल एप स्क्क स्त्रऋ व्रञश, क्क डाउनलोड करना होगा तथा एप इंस्टाल कर कृषक पंजीयन पूर्ण करना होगा। फसल विक्रय के समय किसानों को अपनी कृषि उपज के संबंध में मंडी फसल, ग्रेड-किस्म, मात्रा एवं वांछित भाव की जानकारी दर्ज करना होगा। किसानों द्वारा अंकित की गई समस्त जानकारियां चयनित मंडी के पंजीकृत व्यापारियों को प्राप्त हो जाएगी तथा प्रदर्शित होगी। व्यापारी द्वारा फसल की जानकारी एवं बाजार की स्थिति के अनुसार अपनी दरें ऑनलाईन दर्ज की जाएगीं जिसका किसान को एप में मैसेज प्राप्त होगा। जिसके उपरांत आपसी सहमति के आधार पर चयनित स्थल पर कृषि उपज का तौल कार्य होगा। कृषि उपज का तौल कार्य होने के बाद ऑनलाईन सौदा पत्रक एवं भुगतान पत्रक जारी किया जाएगा और शासन, मंडी बोर्ड के नियमानुसार नगर या बैंक खाते में भुगतान किया जाएगा। इस प्रकार किसान स्क्क स्त्रऋ व्रञश, क्क मोबाईल एप के माध्यम से मंडी में आए बिना अपने घर, गोदाम, खलिहान से भी अपनी कृषि उपज का विक्रय कर सकते हैं। इस एप किसान प्रदेश की मंडियों में विक्रय की जाने वाली उपजों के दैनिक भाव की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। किसानों से इस एप को अपने एंड्राइड मोबाईल में इंस्टाल कर राज्य शासन एवं मंडी बोर्ड की इस अभिनव पहल का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।



भोपाल। मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में रूपाली सक्सेना का सम्मान किया गया।

सम्पादकीय

# बदलता मौसम सिमटती सर्दी

देश की राजधानी दिल्ली हो या मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल, अधिकांश इलाकों में सिमटती सर्दी से मौसम का खतरनाक बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। यहां के ठंड से जुड़े ताजा आंकड़े विशेषज्ञों का ध्यान खींच रहे हैं। इस क्षेत्र में ठंड का मौसम आम तौर पर मध्य नवंबर से फरवरी के आखिर तक माना जाता रहा है। लेकिन पिछले करीब एक दशक का ट्रेंड बताता है कि दिसंबर में ठंड कम होती जा रही है और जनवरी में ज्यादा।

मौसम विभाग की शब्दावली की बात करें तो ठंड की तीव्रता दर्शाने वाली दो श्रेणियां हैं- शीत दिवस या कोल्ड डे और शीत लहर या कोल्ड वेव। कोल्ड डे उस दिन माना जाता है जिस दिन न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे हो और उच्चतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे। शीत लहर तब मानी जाती है, जब किसी इलाके में तापमान या तो 4 डिग्री सेल्सियस गिर जाए या न्यूनतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे हो। इस पैमाने पर देखा गया है कि पिछले कुछ वर्षों से दिसंबर में कोल्ड डेज और कोल्ड वेव दोनों की संख्या अपेक्षाकृत कम हो रही है। उदाहरण के लिए, पिछले दिसंबर में पूरे महीने कोई कोल्ड वेव नहीं रही। कोल्ड डे भी 2 ही रहे।

उदाहरण के तौर पर दिल्ली के आंकड़ों पर ही नजर डालते हैं। दिल्ली में 2021 में एक और 2020 में दो कोल्ड डेज रेकॉर्ड किए गए थे, जबकि 1990 से 2010 के बीच दिसंबर महीने के दौरान हर साल औसतन 8-9 कोल्ड वेव और 12-15 कोल्ड डेज दर्ज किए गए थे। जनवरी की बात की जाए तो इस बार दिल्ली में 8 कोल्ड डेज दर्ज हुए जो पिछले 15 साल में सबसे ज्यादा हैं। यही नहीं, इस बार पिछले एक दशक की सबसे लंबी कोल्ड वेव (5 से 9 जनवरी) भी इसी महीने पड़ी। हालांकि जनवरी शुरू से साल का सबसे ठंडा महीना रही है, लेकिन वैज्ञानिकों में आम राय है कि करीब एक दशक पहले तक इस इलाके में ठंड नवंबर के आखिर से जनवरी के बीच अपेक्षाकृत ज्यादा उदारता से फैली रहती थी।

सवाल यह है कि अब अगर यह जनवरी में सिमटती जा रही है तो इसे किस रूप में देखा जाना चाहिए? मौसम विभाग और इससे जुड़े विशेषज्ञों की राय है कि इतनी कम अवधि और इतने सीमित क्षेत्र के आंकड़ों के आधार पर ज्यादा बड़े नतीजे नहीं निकाले जाने चाहिए। उनके मुताबिक तापमान में देखे जा रहे इन बदलावों के पीछे बहुत सारे लोकल और ग्लोबल फैक्टर हो सकते हैं। इन्हें क्लाइमेट चेंज की प्रक्रिया से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। लेकिन केवल दिल्ली का ही मामला नहीं है। भोपाल और मध्यप्रदेश के कई अन्य शहरों में भी सिमटती सर्दी ने ध्यान खींचा है। भोपाल में इस साल बहुत कम दिन ऐसे रहे, जब अलाव जलाने की आवश्यकता पड़ी हो। सुबह और रात के समय सर्दी कुछ ठीक ठाक रही, बाकी दिन में सर्दी का असर कम ही देखा गया। मावठा भी अनियमित होता जा रहा है। यहां खास बात यह है कि मावठा केवल फसलों के लिए ही अच्छा नहीं होता, अपितु मौसम को संतुलित करने के लिए भी होता है। मावठा के बाद एकदम सर्दी तेज हो जाती है, जिससे फसलों को खास तौर पर फायदा होता है।

मौसम विशेषज्ञ ध्यान दिलाते हैं कि मामला सिर्फ दिसंबर और जनवरी का नहीं, फरवरी में भी गर्मी सामान्य से ज्यादा देखी जा रही है। उनके मुताबिक इन बदलावों का संबंध क्लाइमेट चेंज अर्थात जलवायु परिवर्तन से होने की संभावना पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। पहले भी ऐसी रिपोर्टें आई हैं जिनमें मौसम में बदलावों के पैटर्न को समझते हुए फसलों में परिवर्तन की जरूरत पर जोर दिया गया है। ये ऐसे पहलू हैं जिन्हें टालना किसी के हक में नहीं होगा। गर्मी, सर्दी और बरसात, सभी मौसम आगे-पीछे खिसकते देखे जा रहे हैं। पहले जिस तरह मौसम हुआ करते थे, वो अब नहीं होते। कटकटाती सर्दी मैदानी इलाकों में कम होती जा रही है। हालांकि पहाड़ी इलाकों में भी यही हाल हो गया है। हिमालय और उसकी तराई वाले इलाकों में भी मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। ग्लेशियर पिघलने की घटनाओं का संबंध भी जलवायु परिवर्तन से माना जाता है।

इस बदलते मौसम और सर्दी, गर्मी, बारिश के बिगड़ते संतुलन को गंभीरता से लेना होगा, क्योंकि इससे मनुष्य, जानवरों से लेकर वनस्पतियों पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। बीमारियों का प्रसार अधिक होता है, जो अभी भी देखने को मिल रहा है। इसके लिए पर्यावरण विशेषज्ञों और मौसम के जानकारों की चेतावनियों व शोधों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

# शराब उपलब्धता-पीने की आदतें कैसे रोकेंगे बंद अहाते?

**सरयूसुत मिश्रा**

अहाते पहले भी थे, जिन्हें बाद में बंद कर दिया गया था और फिर से अहातों को चालू कर दिया गया था. अब फिर अहाते बंद कर दिए गए हैं. संभवत अहाते चालू करने और बंद करने की प्रक्रिया एक ही सरकार के समय-समय पर लिए गए अलग-अलग फैसले हैं. सवाल यह है कि सार्वजनिक स्थानों पर सुराप्रेमियों की उमड़ती भीड़ रोकने के लिये अहाते शुरू करने का निर्णय सही था या अब बंद करने का निर्णय सही है?

उमा भारती मध्यप्रदेश की नई आबकारी नीति में अहाते बंद करने के फैसले को क्रांतिकारी कदम बताते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की तारीफ में कसीदे पढ़ रही हैं तो मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस इसे सरकार की लीपापोती बता रहा है. हर साल सरकारों की आबकारी नीति बदलती रहती है. जितनी तेज गति से आबकारी नीति बदलती है उतनी तेज गति से सरकारों में शायद कोई भी नीति नहीं बदलती है।

नीतियों में निरंतरता, क्रियान्वयन को गंभीरता और तीव्रता प्रदान करते हैं लेकिन शराब एक ऐसा विषय है कि नीतियां कितनी भी बदलें, पीने वाले को तो शराब चाहिए और वह मध्यप्रदेश में सुलभता से मिलने में कोई दिक्कत न पहले थी ना नई नीति में होगी।

फिर नीति में बदलाव का लाभ किसको मिलेगा? सरकार को मिलेगा? ठेकेदार को मिलेगा? उपभोक्ता को मिलेगा? राजनीति को मिलेगा? राजनीतिक दल को मिलेगा या राजनीतिक नेता को मिलेगा? इसका कोई सटीक और आंकड़ों में आकलन संभव नहीं होगा. सरकार कहती है कि नए निर्णय से कई हजार करोड़ का राजस्व कम होगा. राजनीति मानती है कि शराब की दुकानों के और अहातों की भीड़ के कारण समाज में शराब उपभोग की अनुकूल परिस्थितियां खत्म होंगी. शैक्षणिक संस्थाओं के पास से भी दुकानों को हटाया जाएगा।



नई आबकारी नीति पर यह शेर बहुत मौजू है कि...

**कुछ भी बचा न कहने को, हर बात हो गई..!**
**आओ कहीं शराब पियें कि रात हो गई...!!**

शराब पीने वाले पहले भी पी रहे थे और नई नीति के बाद भी पिएंगे. जब नई नीति का पीने वालों पर कोई असर नहीं है तो फिर आकलन इस बात का होना है कि इसका असर किस पर होगा? क्या नई नीति से दुकानों की संख्या कम होगी? नई नीति से दुकानों की संख्या बिल्कुल भी कम नहीं होगी. कंपोजिट दुकानों के नाम पर देसी और विदेशी मदिरा की दुकानें जब पिछले साल एक साथ की गई थीं तब दुकानों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई थी. देसी और विदेशी शराब की उपलब्धता की सुलभता बढ़ गई थी. दुकानों की संख्या अभी भी वही रहेगी. उस में कोई कमी नई नीति के कारण नहीं आएगी।

सरकार की नई नीति को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के ट्वीट इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि नई नीति से उन्हें प्रसन्नता और राजनीतिक संतोष महसूस हुआ है. वे लगातार मध्यप्रदेश में शराबबंदी के लिए आंदोलन चला रही थीं. कई बार उनके द्वारा शराब दुकानों पर पत्थर फेंके गए थे. मुख्यमंत्री के साथ उमा भारती द्वारा शराबबंदी के लिए जन जागरुकता की शुरुआत की गई थी।

तब ऐसा माना जा रहा था कि प्रदेश की नई आबकारी नीति में शायद शराब की उपलब्धता की संभावनाएं न्यूनतम की जाएंगी. दुकानों की संख्या कम की जा सकती हैं लेकिन नई नीति में ऐसा कुछ नहीं हुआ. केवल शराब दुकानों के साथ पीने के लिए जो अहाते और शॉप बार थे उन्हें बंद करने की बात सामने आई है।

पीने के लिए अहाते नहीं रहेंगे तो क्या आसमान के नीचे पीने में कोई रोक है? शराब पीकर गाड़ियां चलाने पर लाइसेंस रद्द करने की भी नई नीति में व्यवस्था की गई है. पहले भी शराब पीकर गाड़ी चलाना अपराध था और ऐसे अपराध में सजा का प्रावधान था. सार्वजनिक रूप से कानून व्यवस्था स्थापित करने में पुलिस की भूमिका नई नीति के बाद और चुनौतीपूर्ण होने की संभावना है. जो लोग अहातों में बैठकर पी लिया करते थे वह पीना तो नहीं छोड़ देंगे. अब उन्हें पीने के लिए खुला स्थान तलाशना होगा और उनको रोकने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ेगी।

मुख्य विपक्षी दल नई आबकारी नीति को लेकर बड़ी सधी हुई प्रतिक्रिया दे रहा है. उनकी ओर से नेताओं के जो बयान सामने आए हैं उसमें यही कहा गया है कि सरकार बात शराबबंदी की कर रही थी लेकिन मामला अहाताबंदी तक सिमट गया है।

शराब का कारोबार सरकारों के लिए राजस्व प्राप्ति का महत्वपूर्ण जरिया बना हुआ है. कोई भी सरकार इससे मिलने वाले राजस्व का छिनना शायद बर्दाश्त नहीं कर पाएगी. जिन राज्यों में शराबबंदी की गई है चाहे वह गुजरात हो या बिहार हो, वहां शराब की उपलब्धता की कोई कमी नहीं है. आए दिन घटिया और जहरीली शराब के कारण लोगों की मौतों के मामले भी सामने आते हैं. शराब बंदी के बाद उन राज्यों में पुलिस और शराब आपूर्ति करने वालों के बीच एक सांठगांठ जरुर चलने लगता है. शराबबंदी की स्थिति कानून का राज स्थापित करने वाले सुरक्षा बलों के लिए काफी सुविधापूर्ण मानी जाती है।

शराबबंदी के लिए जन जागरुकता फैलाना ही एक जरिया है. जब लोग पीना छोड़ देंगे तो मिलने के बाद भी शराब की बिक्री कम हो जाएगी. बाजार के इस जमाने में जब कुछ बिकेगा ही नहीं तो फिर उसकी दुकाने अपने आप घटती जाएंगी। हर साल बनाई जाने वाली आबकारी नीतियां शराब के शौकीनों के लिए नहीं बल्कि सरकार और राजनीति के प्रबंधन के लिए बनाई जाती हैं. दिल्ली सरकार में पिछले साल में बनाई गई आबकारी नीति की सीबीआई जांच हो रही है. इस पर सवाल उठाए जा रहे हैं कि ठेकेदारों को लाभान्वित करने के लिए नीति को बदला गया. इस तरह के सवाल कमोबेश हर राज्य में विपक्षी दल की ओर से उठाये ही जाते हैं।

शराब कुछ समय के लिए बेहोशी लाती है जिसके कारण चिंता तनाव और अशांति विस्मृत हो जाते हैं. जैसे ही नशा उतर जाता है फिर यह सब दोगुनी ताकत के साथ हावी हो जाते हैं. शराब पीने वालों में बेहोशी लाती है और शराब नीति सरकार और राजनेताओं और राजनीतिक दलों में होश का संचार करती दिखाई पड़ती है. कुल मिलाकर शराबियों का अजब संसार दिखाई पड़ता है।

**रहते हैं मझधार में रोज बिना पतवार..!!**
**लेकिन कितनों को कराते हैं सागर पार..!!**

# काम कम राम के भरोसे ज्यादा राजनीति

**राघवेंद्र सिंह**

मध्यप्रदेश में राजनीति अजीबोगरीब दौर में जा रही है। विकास यात्राओं पर भ्रष्टाचार के मुद्दे रिपोर्ट कार्ड पर भारी पड़ते देख रहे हैं। भाजपा की तुलना में कमजोर कांग्रेस,अपने संगठन की मजबूती के बजाय शिवराज सरकार की एंटी इनकंबेंसी पर ज्यादा आश्रित है। दूसरी तरफ भाजपा हाशिए पर डाले गए उपेक्षित कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर रामभरोसे अधिक नजर आती है। ऐसा नहीं है कि भाजपा और उसके केंद्रीय नेतृत्व को खतरे का अंदाजा नहीं है। अभी उसका फोकस मंत्रियों और विधायकों पर है। उन्हें अब फाइनली उच्च स्तर से कामकाज का तौर तरीका बदलने के निर्णायक निर्देश दे दिए गए हैं। भाजपा में जो विकास कार्य हुए हैं उन पर मंत्री-विधायकों का अहंकार और भ्रष्टाचार की शिकायतें भारी पड़ रही हैं।

सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ हुई चर्चा में रविवार को दिन भर में मन्त्रिमण्डल के सभी सदस्यों को साफ तौर पर समझा दिया गया है। साथ कार्यकर्ता बाद जनता से भावनात्मक रिश्ता मजबूत करने की नसीहत दे रही है। लेकिन संगठन की दृष्टि से भी पार्टी में सुधार की सख्त जरूरत है। 25 फरवरी को विकास यात्रा सम्पन्न हो जाएगी। इसके बाद बजट सत्र होगा और रिपोर्टकार्ड के मुताबिक सत्ता ङ्क संगठन में शल्यक्रिया के संकेत हैं।

आठ महीने बाद प्रदेश में विधानसभा के चुनाव हैं और माहौल बनाने के लिए कथा- प्रवचन विकास यात्राओं पर भारी पड़ रहे हैं। राम की पार्टी विजय सुनिश्चित करने के लिए विकास कम भगवत कथाओं के नाम पर विजय की वैतरणी पार करने के प्रयास में है।कांग्रेस और उनके नेता कमलनाथ भी चुनाव की गंगा में कथा वाचकों के पैर पखार जीत का आचमन करने की कोशिश में लगे हैं। कांग्रेस के नाथ भाजपा का मुकाबला करने के लिए सॉफ्ट हिंदुत्व पर अपना ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। हालांकि यह कांग्रेस राजनीतिक लाइन से थोड़ा अलग है। लेकिन कांग्रेस में ऐसे बहुत से लोग हैं जो चर्चा में यह मानते हैं कि बहुसंख्यको की अनदेखी कर भाजपा को मात देना मुश्किल काम है। शायद इसीलिए कमलनाथ मंदिरों से लेकर साधु संतों और कथा वाचकों के दर्शन करने और आशीर्वाद लेने में पीछे नही है। चुनाव तक नाथ ने इस रणनीति को मजबूती से बनाए रखा तो भाजपा केम्प इसकी कोई काट जरूर खोजेगा। कांग्रेस के नेता धर्म के साथ कर्मचारी और किसानों के मुद्दे पर भी भाजपा से निर्णायक बढ़त लेने पर विचार कर रहे हैं।

बहुत संभव है आने वाले दिनों में खासतौर से नवरात्रि और उसके बाद कांग्रेस के नेता भी अपने क्षेत्रों में कन्या भोजन माता के जगराते और राम कथा और श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन करते नजर आए इसके अलावा संगठन की दृष्टि से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह हारी हुई सीटों पर अभी से दौरा करने में जुट गए हैं। वह क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के साथ प्रत्याशी चयन के लिए भी गंभीरता से फीडबैक ले रहे हैं। दिग्विजय सिंह की संगठन क्षमता और चुनावी रणनीति का लोहा तो भाजपा के नेता भी मानते हैं। भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से शक्तिशाली हुए दिग्विजय सिंह प्रदेश आते ही मैदान में सक्रिय हो गए हैं। इससे मध्य प्रदेश की राजनीति के समीकरण बदलते दिखाई देंगे। इसका असर कांग्रेस की आंतरिक और गुटीय राजनीति पर भी साफ तौर पर नजर आएगा। कांग्रेस में मैदानी कार्यकर्ता और सक्रिय नेताओं की पूछ परख बढ़ेगी।

**राजनीति में गहरा होता कथाओं का रंग**

मध्य प्रदेश की राजनीति में कमजोर होते राजनेता धर्म और कथाओं का उपयोग उन विद्यार्थियों की तरह कर रहे हैं जो पढ़ाई करने के बजाए गैस पेपर और आई एम पी क्वेश्चन लेकर पास होने का प्रयास करते हैं। लेकिन जनता और कार्यकर्ताओं में यह नुस्खे कितना असर करेंगे यह तो टिकट मिलने और मतदान के बाद परिणाम ही बताएंगे लेकिन उसके पहले संगठन और प्रत्याशी चयन करने वाली टीम के सामने उनका पास होना जरूरी है अगर गलत रिपोर्ट आई तो टिकट ही कट जाएगा ऐसे में कथा कराने और धर्म रंग चढ़ाने की प्रैक्टिस बेकार चली जाएगी। प्रदेश के लगभग 100 से अधिक सीटें ऐसी है जहां कथावाचक भक्ति के नाम पर भीड़ को अपनी तरफ खींच रहे हैं कमजोर राजनेताओं के लिए कथा वाचक उन आईएमपी क्वेश्चन तरह है जिसे पढ़कर कमजोर विद्यार्थी की परीक्षा पास कर लेता है।

यही वजह है कि कथा- यज्ञ, कराने के साथ जहां भी इस तरह के आयोजन हो रहे वहां नेतागण हाजिरी लगाने और मत्था टेकने से नहीं चूक रहे हैं। पांच साल जनता और कार्यकर्ता की उपेक्षा करने के साथ भ्रष्ट आचरण करने वाले नेताओं पर इस बार के चुनाव भारी पड़ने वाले हैं क्योंकि संगठन,कार्यकर्ता और जनता की बारीक नजर से बचना मुश्किल लगता है। भाजपा में बजट सत्र के बाद राजनीतिक कुहासा और अनिश्चितता का वातावरण काफी हद तक साफ हो जाएगा। इसलिए लोगों को जोर का झटका धीरे से लगने के लिए भी तैयार रहने के संकेत मिल रहे हैं।

**मजाक बना रुद्राक्ष वितरण**

मध्यप्रदेश में सीहोर में 2 साल से आयोजित रुद्राक्ष वितरण समारोह सरकार प्रशासन और भक्तों के लिए मुश्किल के साथ मजाक और साजिद का विषय बन गया है। एक तरफ आयोजक अनुमान नहीं लगा सके कि देश भर से कितने भक्त निशुल्क मिलने वाले रुद्राक्ष को लेने के लिए आएंगे दूसरी तरफ प्रशासन इस बात की जिम्मेदारी तय नहीं कर सका कि यदि इंदौर भोपाल जैसे व्यस्त मार्ग पर दिन-रात हफ्ते भर तक जाम के हालात होंगे तो इसका जिम्मेदार कौन होगा गत वर्ष भी इसी तरह की दिक्कतें आई थी और इस बार तो एक बच्चे के साथ सात भक्तों के जान गवाने और कई दिन तक यातायात के गड़बड़ आने में प्रशासन और सरकार दोनों को मुश्किल में डाल दिया। इस तरह के आयोजनों में अव्यवस्था होने पर जिम्मेदारी तय कर दोषियों को दंडित करना जरूरी है। अन्यथा धर्म की निंदा करने वाले और आस्था को अफीम बताने वाले बढ़ते जाएंगे। सच मे अव्यस्था के कारण यह सब धर्म कम अधर्म ज्यादा हो गया।

# अपनी भाषा अपना विज्ञानः चमत्कार, दूर से ही नमस्कार

**डॉ अपूर्व पौराणिक**

समय समय पर अनेक बाबा लोग, गुरु आदि के बारे में प्रसिद्ध हो जाता है कि उनके पास सिद्धि है, चमत्कार है । विज्ञान के छात्र व शिक्षक के रूप में मैं ऐसे दावों पर विश्वास नहीं करता । सभी रिलीजन से सम्बद्ध धर्मगुरुओं में से किसी किसी के हजारों लाखों भक्त बन जाते है । मनुष्यों की यह कमजोरी समस्त देशों और कालों में देखी जाती रही है । समय के साथ वैज्ञानिक समझ विकसित होने पर इसे कम हो जाना चाहिये । पाखण्ड और अंधविश्वास के विरुद्ध आरंभिक आवाज उठाने वालों में स्वामी दयानंद सरस्वती प्रमख थे । सुपर नेचुरल या प्रकृति से परे शक्तियों पर विश्वास नहीं करना चाहिये । विभिन्न रिलीजन या सम्प्रदाय को मानने वाले लोग कभी कभी शिकायत करते है कि दूसरे रिलिजन में भी अंधविश्वास है, उन की आलोचना करते हुए क्यों डर जाते हो? इस शिकायत में दम है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आपके रिलीजन से जुड़े पाखंड माफ़ हो गए । दूसरे की गलती आपकी गलती को जायज नहीं ठहराती ।

लीपापोती करने के लिहाज से कुछ लोग अधकचरी वैज्ञानिक भाषा का उपयोग करते हुए चमत्कारों की व्याख्या करने की कोशिश करते है जिसे मिथ्या विज्ञान कहा जाता है । मिथ्या विज्ञान की पहचान करने की 16 कसौटियों का यहाँ वर्णन कर रहा हूँ । आगामी अंकों में सामयिक दृष्टि से कोई नई खबर आने पर उसकी पड़ताल इन्ही 16 में से किन्ही कसौटियों पर हम करते रहेंगे ।

मिथ्या विज्ञान की पहचान कैसे करें ?

पिछले एक लाख वर्षों में होमो सेपियन्स (मनुष्य) जब से बुद्धिमान हुआ, उसमें धीरे-धीरे अनेक गुण और आदतें विकसित हुईं।

1. दुनिया में जो हैं तथा जो घटित हो रहा है, उसे बारीकी से देखना, याद रखना, नोट करना और उसमें छुपे हुए अर्थ निकालना
2. कार्य और कारण के आपसी सम्बन्धों पर गौर करना
3. जो समझ में नहीं आ रहा है उसके बारे में पैने सटीक सवाल पूछना और फिर
4. सवालों का उत्तर पाने के लिये प्रयोग की परिकल्पना करना, उसे अंजाम देना, अवलोकनों के आधार पर निष्कर्ष निकालना
5. नये सिद्धान्त या थ्योरी गढना, उनका परीक्षण करना
6. किन्हीं निष्कर्षों के गलत सिद्ध हो जाने पर उन्हें छोड देना, संशोधित करना, नये सिद्धान्त गढना।
7. प्रयोगों की निष्पक्षता के नियमों का पालन करना । जैसे कि दो समूहों की तुलनात्मक समानता, अवलोकन व मापने की पूर्व निर्धारित विधियाँ, सांख्यिकिया गणना, अवलोकनकर्ता का अंधाकरण, दूसरे वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोग पुष्टि या खण्डन।

ये सारे गुण और आदतें बहुत धीरे-धीरे, इन्सान के अंदर से विकसित हुई हैं, वैज्ञानिकों ने बाहर से नहीं थोपी हैं। लेकिन यह विकास आसानी से नहीं हुआ है। इसके विपरीत गुणों वाली आदतें भी इन्सान के स्वभाव व सोच का हिस्सा रही है जैसे कि चमत्कार, भूत, प्रेत, चुडैल, उपरी हवा, नजर लगना, पूर्व जन्मों के फल, रहस्यमई ऊर्जाएं, टेलीपेथी, जन्मकुण्डली, हस्तरेखाएं, जादू टोना।

मिथ्या विज्ञान वाले उत्तर व व्याख्याएं आसान प्रतीत होते हैं। आसानी से गले उतर जाते हैं। बहुत लोकप्रिय हैं। उन्हें सामाजिक मान्यता प्राप्त है।

वैज्ञानिक सोच व समझ कुछ कठिन है। ज्ञान व शिक्षा का आधार चाहिये। संदेह करने की आदत होना चाहिये। किसी भी बात को बिना प्रयोग या तथ्य की वैज्ञानिक विधियों के स्वीकार करने के खिलाफ प्रतिरोध होना चाहिये। साहस और ईमानदारी चाहिये। भेड़ चाल से अलग होना पडता है।

उक्त दो विपरीत किस्म की सोच व व्यवहार में धीरे-धीरे विज्ञान का पलडा भारी होता जा रहा है क्योंकि एक के बाद एक, प्रकृति के अनेक रहस्यों पर से परदा हटता जा रहा है। फिर भी यह लडाई या संघर्ष या प्रक्रिया लम्बी, कष्टसाध्य और श्रमसाध्य है। इसमें लाखों वैज्ञानिकों ने अपनी मेधा, बुद्धि, मेहनत व समय का बलिदान साहस के साथ नि:स्वार्थ भावना से किया है।

गेलीलियो अकेला नहीं था जिसने कहा था कि धरती दुनिया का केंद्र नहीं है, वह सूर्य का चक्कर लगाती है।

मिथ्या विज्ञान की पहचान करने हेतु निम्न कसौटियों पर कसें-

1. क्या कोई दावा किसी सिद्धान्त या थ्योरी की अर्हताओं को पूरा करता है?

मिथ्या वैज्ञानिक दावे कभी भी ज्ञात व स्वीकृत वैज्ञानिक थ्योरी पर आधारित नहीं होते।

सिद्धान्त के पीछे प्रायोगिक सबूत होना चाहिये । सुनीसुनाई अपुष्ट बातों को आधार नहीं माना जा सकता।

प्रायोगिक परीक्षणों द्वारा थ्योरी के गलत सिद्ध हो सकने की पात्रता होना चाहिये।

उक्त सिद्धान्त द्वारा अभी तक न देखे गये परिणामों का अनुमान लगाना सम्भव हो, जिनकी पुष्टि या खण्डन किया जा सके।

नये अवलोकनों, सबूतों और सिद्धान्तों के कारण जरूरत पडने पर थ्योरी में संशोधन करने का लचीलापन होना चाहिये।

2. क्या कोई दावा प्राचीन ज्ञान पर आधारित है ?

विज्ञान आधुनिक होता है। सतत परिवर्तनशीलता उसकी सबसे बडी ताकत है। पुराने सिद्धान्तां का स्थान नये लेते रहते हैं।

3. क्या कोई दावा वैज्ञानिक शोध पत्रिकाओं के बजाय पहली बार आम जन संचार या मास-मीडिया में प्रसारित किया गया है?

असली वैज्ञानिक प्रगति की घोषणा की एक लम्बी प्रक्रिया होती है। समकालीन वैज्ञानिकों की टिप्पणी तथा सम्मति पर आधारित शोध प्रपत्रों को छापने वाले प्रतिष्ठित जर्नल्स होते हैं।

एचआईवी- एड्स की दवा निकलने की सूचना प्रेस कान्फ्रेन्स द्वारा नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय, पीयर रीव्यूव्ड शोध पत्रिकाओं के माध्यम से दी गई थी।

4. क्या कोई दावा किसी अज्ञात रहस्यमई ऊर्जा या इनर्जी या अन्य परा-प्राकृतिक शक्ति पर आधारित है?

भौतिक शास्त्र में वर्णित ऊर्जा या एनर्जी का अर्थ है। किसी पदार्थ को एक स्थान से दूसरे स्थान तक हिलाना। पदार्थ गति ऊर्जा के विभिन्न रूप आपस में परिवर्तनशील हैं । (ऊष्मा, प्रकाश, विद्युत, चुम्बक, ध्वनि) इनके अलावा कोई अन्य रूप नहीं हैं। पदार्थ और ऊर्जा भी आपस में परिवर्तनशील हैं। श्व=स्न्ष्2

5. क्या उक्त दावा करने वाले कहते हैं कि उनकी बात को सरकार या अन्य ताकतों द्वारा दबाया जा रहा है?

वैज्ञानिक कभी ऐसे आरोप नहीं लगाते। सच्चाई छुप नहीं सकती। वैज्ञानिक प्रगति को रोकने के लिये कभी षडयंत्र नहीं रचे जाते।

6. क्या उक्त दावा जरूरत से अधिक अच्छा प्रतीत होता है?

वैज्ञानिक प्रगति में अचानक चमत्कार या क्रान्ति नहीं होती। धीरे-धीरे, इंच दर दंच प्रगति होती है। अनेक दशकों के बाद पीछे मुडकर देखने पर जरूर वे परिवर्तन युगान्तरकारी प्रतीत हो सकते हैं परन्तु साल-दर-साल की प्रगति ऐसी है मानों बाल या नाखुन बढ़ रहे हों।

7. क्या उक्त दावे का श्रेय कोई एक महान वैज्ञानिक या विद्वान या संत या मसीहा को दिया जा रहा है?

वैज्ञानिक प्रगति किसी एक इन्सान के बूते पर नहीं होती। पूर्ववर्ती और समकालीन वैज्ञानिकों के योगदान से होती है। आइजक न्यूटन ने कहा था ङ्क यदि मैं क्षितिज में कुछ दूर तक देख पाया हूँ तो मेरे पहले के वैज्ञानिकों के कन्धों पर चढकर ही।

8. क्या दावे के साथ विज्ञापन, विपणन (मार्केटिंग) जुडा हुआ है?

वैज्ञानिक खोज के साथ कभी विज्ञापन या मार्केटिंग नहीं की जाती कि हमारी दवा या यंत्र को खरीदने से फलां फलां लाभ होंगे। वैज्ञानिक व्यापारी नहीं होते। केवल पेटेन्ट अधिकार छोडकर उन्हें अन्य आर्थिक लाभ नहीं प्राप्त होते।

9. क्या उक्त दावा ओक्कमकी कसौटी पर खरा उतरता है?

वैज्ञानिक खोजों की व्याख्या करने के लिये किसी जटिल रहस्यमई सुपरनेचरल शक्ति के बजाय पहले से ज्ञात आसान सिद्धान्त पर्याप्त होते हैं । ओक्कम की कसौटी के अनुसार सरल व सहज उत्तर बेहतर है।

10. क्या उक्त दावा सांख्यिकीय गणनाओं पर आधारित है?

विज्ञान में गणित व सांख्यिकी में वर्णित अनेक कसौटियों पर खरा उतरना जरूरी है। संभावनाओं, गलतियों और संयोगों का अपना एक गणित होता है।

बडी संख्याओं के नियम के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति के साथ, महीने में एक बार कोई ऐसी घटना घट सकती है, जिसके होने की सम्भावना दस लाख में से एक हो।

11. क्या उक्त दावा एक ऐसे व्यक्ति या संस्था द्वारा किया जा रहा है जो पहले से घोषित रूप से, उक्त विचारधारा या उद्देश्य के प्रति समर्पित है?

विज्ञान हमेशा नल-हायपोथिसिस (नेति-नेति) से शूरू होता है और फिर सबूत ढूंढता है । मिथ्या विज्ञान पहले से घोषित पोषित सिद्धान्त के समर्थन में सबूत देने का दावा करता है। वे भला विपरीत सबूतों को उल्लेख क्यों करेंगे।

12. क्या दावा करने वाले अपने प्रयोग का पुन: परीक्षण दूसरे निष्पक्ष वैज्ञानिकों से करवाने को तैयार हैं?

कोई भी अच्छा शोधकार्य अपनी कार्य विधि या प्रयोगविधि का खूब विस्तार से वर्णन करता है कि दूसरे लोग उसे दुहरा सकें। यदि प्रयोग के अवलोकन आपकी थ्योरी या सिद्धान्त का समर्थन नहीं करते हैं तो भी उन्हें छिपाया नहीं जावेगा।

13. दावे का समर्थन करने वाले अवलोकनों और तथ्यों की गुणवत्ता कैसी है?

क्या सभी अवलोकनों/डाटा को शामिल किया गया है? क्या तरह-तरह के पूर्वाग्रह से बचने की सावधानियाँ रखी गई हैं? सेम्पल साइज (नमूने का आकार) कहीं बहुत छोटा तो नहीं है? महज संयोग को कार्य-कारण सम्बन्ध का प्रमाण नहीं माना जा सकता है।

14. दावा करने वालों की उक्त वैज्ञानिक विषय में क्या हैसियत है?

अनेक व्यक्ति और संस्थाएं झूठ मूठ की साख पर दिखावा करते हैं। अनेक तथा कथित विश्वविद्यालय पैसे लेकर फर्जी डाक्टरेट या पी.एच.डी. की डिग्री बांटते हैं। सफेद कोट एप्रन पहन कर फोटो खिंचवाते हैं। किसी नामी गिरामी हस्ती के हाथों इनाम या प्रशंसापत्र पाते हैं।

असली वैज्ञानिकों या संस्थाओं को इस प्रकार के नाटक की जरूरत नहीं पडती।

15. क्या दावा करने वाले यह कहते हैं कि अब तक जो चल रहा है, वह सब गलत है ? या कि यह कि चूंकि फलां विचार धारा सही है। उसके समर्थन में हमें उनके दावे स्वीकार कर लेना चाहिय?

वैज्ञानिक खोजों किसी तथाकथित गलती को सुधारने की मुहिम का हिस्सा नहीं होती। वे इस बात की भूमिका नहीं बांधते कि आजकल जो भोजन हम खा रहे हैं वह कितना जहरीला है। हम अपने धरती ग्रह को नष्ट करने पर तुले हुए हैं। बड़ी कम्पनियों का षडयंत्र है कि सौर ऊर्जा पर शोध न होने पायें आदि आदि।

वैज्ञानिकों को किसी विचारधारा या आईडियोलाजी या फिलोसॉफी से मतलब नहीं होता। उनका लक्ष्य केवल सत्य है। रंगभेद या नस्लभेद या स्त्री पुरूष भेद पर आपके राजनैतिक, सामाजिक, विचारों में वैज्ञानिक खोज की विश्वसनीयता का सम्बन्ध नहीं होना चाहिये।

16. क्या वह दावा- सब कुछ प्राकृतिक पर आधारित है?

यह जरूरी नहीं कि तथाकथित प्राकृतिक उत्पाद सदैव अच्छे हों और मानव निर्मित कृत्रिम उत्पाद खराब हों।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्पलेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# स्वास्थ्य कारणों के चलते विकास यात्रा में नही पहुंचे विधायक, मंडल के पदाधिकारियों ने सम्हाला मोर्चा



ओबेदुल्लागंज। आज निकलने वाली विकास यात्रा में स्वास्थ कारणों के चलते विधायक पटवा तमाम आयोजनों से दूर रहे वही आज के कार्यक्रमों में भाजपा के बरिष्ठ कन्हैया नन्दवशी रविंद्र विजयवर्गीय सोनू चौकसे पवन खालसा नन्दू शर्मा दीपू परमार ने सम्बोधित किया और भाजपा द्वारा किये गए विकास कार्यों की जानकारी उपस्थित जनसमूह को गिनाई।वही विधायक सुरेंद्र पटवा के स्वास्थ कारणों के चलते कल 21फरवरी को स्थानीय नगर परिषद में विकास यात्रा के दौरान होने वाले तमाम आयोजनों को निरस्त कर दिया गया है उक्त आशय की जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे ने प्रदान की।

# वन परिक्षेत्र बोरदेही बीट में तेंदूपत्ता फड़ खोलने की मांग को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



बैतूल - आमला वन परीक्षेत्र वन ग्राम जूनापानी टुकड़ी रैयत गोलाआमा के आदिवासियों को तेंदूपत्ता संग्रहण करने तथा उन्हें एकत्र कर संग्रहित करने को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष छन्नू बेले महिला कांग्रेस नेत्री सीमा अतुलकर के नेतृत्व में क्षेत्र के आदिवासी वन परीक्षेत्र आमला बोरदेही बीट के ग्राम सिंगली मंगरा जूनापानी टुकड़ी के आदिवासियों ने आमला वन परीक्षेत्र के रेंजर के माध्यम से डीएफओ वन विभाग सामान्य बैतूल को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया है। कि बोरदेही बीट के ग्रामीण क्षेत्रों के आदिवासियों को तेंदूपत्ता सीजन में तेंदूपत्ता तुड़वाई से लेकर संग्रहण ढुलाई में तेंदूपत्ता फड़ संग्रहण नजदीक ना होने के कारण सीजन में तेजपत्ता तोड़ने वाले को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और उन्हें सीजन में मेहनत अनुसार दाम नहीं मिल पाता है। आने वाले सीजन में बोरदेही बीट के ग्राम सिंगली मंगरा ग्राम पंचायत कलमेश्वर में तेंदूपत्ता फड़ संग्रहण करने हेतु नवीन फड शीघ्र खोलने की बात कही है।

# आर्थिक सहायता स्वीकृत

धार,।कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के अंतर्गत सरदारपुर तहसील के ग्राम मौलाना के तेजपाल सिंह पिता भगवानसिंह को बीमारी के उपचार के लिए 90 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मनावर के रईश पिता सुल्तान खान को बीमारी के उपचार के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य 28 तक होंगे

धार। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य 6 फरवरी से प्रारंभ होकर 28 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसमें आज तक कुल 13805 किसानों द्वारा पंजीयन करवाया जा चुका हैं। विगत वर्ष कुल 41712 किसानों द्वारा पंजीयन करवाया गया था। उन्होंने वर्तमान में पंजीयन कार्य सहकारी समितियों एवं विपणन संस्थाओं के खोले गये 109 पंजीयन केन्द्र, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर इसके अतिरिक्त एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर पंजीयन करवा सकते हैं मंदिर / ट्रस्ट की भूमी हेतु किसानों के पंजीयन जिला आपूर्ति कार्यालय जिला धार पर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर करवाये जा सकते हैं। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्र ने पंजीयन से शेष रहे कृषकगणों से अनुरोध किया है कि उपज को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने हेतु अधिक से अधिक संख्या में अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर उपस्थिति होकर अपना पंजीयन करावें। जिससे कि आवश्यकता अनुसार उपार्जन केन्द्र पर जाकर उपज का विक्रय किया जा सकें।

# जी-20 समिट होना गौरव है, आयोजन को अवसर में तब्दील कर यादगार बनायें

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी आर ने सोमवार को टीएल की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कहा कि खजुराहो में जी-20 समिट का होना गौरव है, इस आयोजन में जी-20 देशों के डेलीगेस्ट एवं उच्च स्तरीय अधिकारियों के मध्य कल्चरल वर्किंग समिति की बैठक में विचार विमर्श होगा। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करके इस मौके को ऐतिहासिक अवसर में तब्दील करें और सौंपी गये दायित्व का निर्वहन जिम्मेदारी से निभाये। उन्होंने निर्देश दिये कि इस आयोजन की जानकारी सभी प्रशासकीय विभाग सहित, शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं और आमलोगों तक पहुंचाने के लिये वातावरण निर्माण करें। विकास यात्रा में भी जी-20 आयोजन की जानकारी दें और 22 से 25 फरवरी तक विभिन्न गतिविधियां होगी। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यालय के कर्मचारियों को माह की पहली तारीख को वेतन मिलना सुनिश्चित हो। सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को भी पहली तारीख तक पेंशन मिले। ग्रीष्म माह में जलापूर्ति में किसी प्रकार की दिक्कत न आये, पीएचई विभाग सभी प्रबंध सुनिश्चित करें। एसडीएम सतत समीक्षा करें। अनुविभाग में नामांतरण संबंधी प्रकरण लंबित न रहे एसडीएम देखे। जिला स्तरीय जनसुनवाई में विद्युत मण्डल लोगों के समस्या के निदान के लिये एक काउंटर बनाये।

# सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा अग्रवाल समाजः प्रभात

छतरपुर। जिला अग्रवाल समाज का अधिवेशन और नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष व नगर अध्यक्ष का शपथ ग्रहण एवम अग्र गौरव सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को सरानी गेट बाहर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में आयोजित किया गया। नौगांव अग्रवाल समाज के अध्यक्ष जगदीश कठैल मुख्य अतिथि थे तथा निवर्तमान जिलाध्यक्ष उमाशंकर अग्रवाल ने अध्यक्षता की। खजुराहो अग्रवाल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, हरपालपुर अग्रवाल समाज और नगर परिषद के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, बड़ामलहरा अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, अग्रवाल समाज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरिप्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार श्याम किशोर अग्रवाल, अग्रसेन सेवाश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष जय नारायण अग्रवाल, अग्रसेन गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष मनोहर लाल अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, भगवत शरण अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

समाज के जिला अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल ने कहा कि जिला अग्रवाल समाज सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। वे समाज के हित में क्षमता से बढ़कर काम करेंगे। इसी साल सामूहिक विवाह का आयोजन करेंगे। प्रत्येक घर से दो लोगों को समाज का सदस्य बनाया जाएगा। उन्होंने समाज के खिलाफ काम करने वालों को चेतावनी भी दी।

# एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर शुरु

## हरी झंडी दिखाकर किया विदा



बैतूल। राष्ट्रीय सेवा योजना जे एच कॉलेज बैतूल पुरुष इकाई का स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीम को लेकर 20 से 26 फरवरी तक सात दिवसीय विशेष शिविर बरहलिंग दार्शनिक स्थल तात्ती किनारे ग्राम चीचढाना में आयोजित किया जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.राकेश कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर एनएसएस के दल को रवाना किया। स्वयंसेवक मतदाता जागरूकता पर ग्राम के लोगों को जानकारी देंगे। कॉलेज के जनभागीदारी अध्यक्ष घनश्याम मदान ने कहा की सात दिवसीय शिवरार्थी पूर्णकालिक आदिवासी अंचल में रह कर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे एवं गांव के लोगों में जनजागृति लाकर शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे। डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि हमारे विद्यार्थी सात दिन गांव में रहकर एनएसएस की सभी गतिविधियों को संचालित करेंगे। इस अवसर पर संयोजक एनएसएस कैंप प्रो.सलिल दुबे प्रोफेसर, अशोक दबाडे, डॉ धर्मेंद्र कुमार, जिला संगठक डॉ सुखदेव डोंगरे, किशन कडू, प्रो.राजेश शेषकर, अमित आर्य, डॉडअलका पांडे, महिला इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शीतल खरे, कैंप प्रभारी डॉ.शिवदयाल साहू, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जेपी साहू, एनएसएस के दलनायक बालकिशोर अमरूते, उप दलनायक आयुष घिड़ोडे, शिविर नायक दुर्गाप्रसाद मोर्ले, स्वयंसेवक नवीन नागले कन्हैया अमरूते, हिमांशु पाटिल, राजेश कवड़ती, कुणाल केकतपुरे, हर्षल नरवरे,अर्पण पवार, ऋषक परिषे, देवेश प्रजापति सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# वर्धमान पब्लिक स्कूल में सेमिनार संपन्न



नर्मदापुरम,// इटारसी, वर्धमान पब्लिक स्कूल में बारहवीं क्लास के छात्र-छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्धमान हॉस्टल व रेगुलर कॉमर्स के विद्यार्थीगण अपने टीचर्स के साथ स्कूल एक्टिविटी हॉल में मौजूद रहे। करियर स्पीकर में, शहर के जाने माने सीए और समाजसेवी श्रीकांत मोलासरिया की बेटियां प्रियांशी चार्टर्ड अकाउंटेंट और साथ ही शुभांशी मोलासारिया जिन्होंने अपनी पढ़ाई मुंबई यूनिवर्सिटी से ग्रेजुशन व दिल्ली से एमबीए किया है और अभी इंफोसिस के लिए काम कर रही है,सर्वप्रथम उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी रुचि, रुझान और व्यक्तित्व के अनुरूप विषयों का चयन करने पर बल दिया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित करियर परामर्श के साथ मूलतः कॉमर्स स्ट्रीम के साथ करियर ऑपर्च्युनिटी के बारे में बच्चो को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अगर अपनी रुचि के अनुसार ही विषयों का चयन किया जाए तो काम करने में मजा आता है और संतुष्टि भी मिलती है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि सहपाठियों के प्रभाव से अलग अपनी रुचि के अनुसार करियर चुनें। पूरे सेशन में बच्चो ने अपने करियर से संबंधित जो भी प्रश्न थे वह पूछे और काफी सतुष्ट हुए की वह इस तरह से मार्गदर्श प सके। अंत में गुरप्रीत सिंह छाबड़ा ने धन्यवाद प्रेषित करते हुई कहा की बच्चो को इस तरह के करियर सेशन बच्चो को आगे भी मिलते रहेंगे।

# नपाध्यक्ष व सीएमओ ने बांटे हितग्राहियों को लाभ प्रमाण पत्र



शिवपुरी-शहर में विकास यात्रा के तारतम्य में प्रजापति मंदिर से कन्यापूजन कर विकास रथ को हरी झंडी दिखाकर नपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा एवं सीएमओ केशव सगर के द्वारा रवाना किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा के द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना के 4 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये गए। यात्रा अपने निर्धारित समय से प्रजापति मंदिर से शुरू होकर चीलोद से राठौर काली माता मंदिर पहुंची जहां खेलकूद कार्यक्रम हुए तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम व फिजीकल कालेज पर समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रैली का समापन किया गया।

यात्रा के दौरान सम्मान रंगोली प्रतियोगिता सरकारी कार्यालय ( आंगनवाड़ी उचित मूल्य की दुकान औषधालय ) का निरीक्षण तथा संवाद प्रसाद वितरण खेलकूद कार्यक्रम स्वसहायता समूह से संवाद स्कूल के विद्यार्थियों से चित्रकला की गतिविधियों का आयोजन कटपुतली का खेल स्वच्छता अभियान के संबंध में जनसंवाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या जलसेवा और हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। आयोजन के दौरान 07 आवेदन प्राप्त हुए जिनका तत्काल समाधान किया गया। गतिविधि कचरा पृथक्करण एवं संग्रहण अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा एवम सीएमओ केशव सगर की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नगर के रहवासियों को कचरा न फैलाने एवम शहर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए समझाया गया साथ ही डोर टू डोर कचरा गाड़ी में कचरा डालने की समझाइश दी गई। जिससे शिवपुरी साफ और स्वच्छ दिखे और उन्हें अलग-अलग डस्टबीन के माध्यम से ये कचरा अलग अलग रखने की समझाइश दी गई।

# परिषद के गठन के 6 माह बाद भी कोई विकास नही : यादव



मुलताईं। नगरपालिका परिषद की सोमवार को आयोजित सामान्य सभा की बैठक हंगामेदार रही। बैठक में प्रस्ताव से हटकर हरदौली बांध से नगर की टँकी में आ रहे पानी के वितरण एवं पाइप लाइन बिछाने को लेकर पार्षदो ने हंगामा मचाया। वहीं सहायक राजस्व निरीक्षक दुर्गा सिंह चंदेल को लोक निर्माण शाखा से हटाकर अन्य प्रभार दिए जाने को लेकर भी गरमा गरम बहस हुई। इसके अलावा भी प्रस्ताव से हटकर कई मुद्दे सामने आए। बैठक में यह भी सामने आया कि परिषद की पूर्व में हुई बैठक में पारित प्रस्ताव पर कोई कार्य नही हुआ। बैठक में भाजपा पार्षद अजय यादव ने कहा कि परिषद के गठन को 6 माह का समय बीत चुका है,लेकिन कोई विकास कार्य नही हुए है। सीएमओ नितिन बिजवे ने कहा कि नगरपालिका में सिविल उपयंत्री नही होने से कार्य नही हो पा रहे। उपयंत्री की नियुक्ति के लिए भोपाल जाकर प्रयास करना होगा। बैठक के एजेंडे में 52 प्रस्ताव होने पर उपाध्यक्ष शिव माहोरे ने आपत्ति जताते हुए कहा कि एक बैठक में इतने प्रस्ताव नही रखे जाए क्योंकि चर्चा नही पाती है।जिसके चलते बैठक में 52 में से सिर्फ 20 प्रस्ताव पर ही चर्चा हो पाई। शेष 32 प्रस्ताव आगामी बैठक में रखे जाएंगे। वहीं नगर जीवनधारा जल तृप्ति योजना अंतर्गत दिए जाने वाले पानी की दर में वृद्धि किए जाने वाले प्रस्ताव पर अध्यक्ष सहित सभी पार्षदो ने दर वृद्धि करने पर सहमति नही जताई। जिससे पानी की दर में वृद्धि नही होगी। वहीं सूर्यनारायण सरोवर के पास मछली बाजार लगाने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया। जबकि सभी वार्डो में तीन तीन लाख रुपए के निर्माण कार्य कराए जाने को स्वीकृति प्रदान की।बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू प्रहलाद सिंह परमार,उपाध्यक्ष शिव माहोरे,सभापति अंजली शिवहरे,साजेदा बेगम,निर्मला उबनारे,वंदना साहू,सुरेश पौनीकर,रितेश विश्वकर्मा,पंजाब चिकाने,पार्षद डॉ जीए बारस्कर,अजय यादव,महेंद्र जैन,वर्षा गडेकर, शिल्पा शर्मा,कुसुम पाठेकर सांसद प्रतिनिधि विजय शुक्ला,सीएमओ नितिन बिजवे सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आबकारी अमले ने ग्रामों एवं ढाबों में दी दबिश , पकड़ी अबैध शराब

बरेली 7 आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश द्वारा आदेशित अनुसार नशामुक्ति के तहत अवैध मदिरा व्यवसाय पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत रायसेन कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार एवम सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचुरा के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बरेली राजेश विश्वकर्मा द्वारा स्टाफ के सहयोग से त्वरित कार्यवाही करते हुए वृत्त क्षेत्रान्तर्गत नर्मदा नदी किनारे स्थित ग्राम दिघावन,ग्राम केलकच्छ, ग्राम अनघोरा, ग्राम बौरास,ग्राम केतोघान में आरोपीयों के रिहायसी मकानों एवम दुकानों पर तथा जयपुर -जबलपुर मार्ग पर स्थित ढाबा एवं ग्राम बींझा-पांजरा सहित कुल 07 आरोपियों को मौके से देशी प्लेन मदिरा के 30 पाव, देशी मसाला मदिरा के 55 पाव तथा विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की के 18 पाव के साथ रंगे हाथ मौके से गिरफ्तार किए जाकर सभी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया है । उक्त दबिश की कार्यवाही में जप्त मदिरा का कुल बाजार मूल्य रुपये 8265 आंकलित किया गया। उक्त कार्यवाही में मुख्य आबकारी आरक्षक रामगोपाल शर्मा, आबकारी आरक्षक रामस्वरूप पटेल एवं सैनिक रामकुमार पचौरी का सराहनीय सहयोग रहा।

**इनका कहना है -**

विशेष अभियान के तहत गांव गांव जाकर टीम के साथ दबिश दी गई इस कार्यवाही में सात आरोपियों को मौके से अवैध शराब के साथ पकड़ा गया अवैध मदिरा व्यवसाय के विरुद्ध आगे भी निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

**राजेश विश्वकर्मा,** आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त बरेली

# भाजपा की सरकार अंतिम व्यक्ति के लिए काम करती है - महापौर प्रहलाद पटेल

रतलाम । शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए शहर में निकाली जा रही विकास यात्रा का सोमवार को समापन हो गया। यह यात्रा शहर के 49 वार्डो से निकली है। इस दौरान हर वार्ड में लाखों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन हुआ है। यात्रा अपने अंतिम पड़ाव में वार्ड क्रमांक 15, 16, 45 और 46 में निकली। इसका समापन लक्कड़पीठा रोड पर आयोजित समारोह में हुआ। इस दौरान यात्रा का कई स्थानों पर मंच के माध्यम से भव्य स्वागत किया गया।

विधायक चेतन्य काश्यप ने समारोह में कहा कि शहर में सीवरेज और पानी की पाइप लाइन डालने के दौरान जो सड़कें क्षतिग्रस्त हुई थी, उनके निर्माण के लिए कायाकल्प योजना के तहत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राशि स्वीकृत की गई है। इसके माध्यम से शहर के प्रमुख मार्गों का निर्माण होगा।

विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि विकास की गति चलती रहे और कल्याणकारी कार्य होते रहे, इसी के लिए विकास यात्रा निकाली जा रही है। शहर में 800 सीट का एसी ऑडिटोरियम बनेगा। इसके साथ ही विशेष निवेश क्षेत्र में लगने वाले उद्योगों के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिलेगा। रतलाम के मेडिकल कॉलेज ने कोरोना काल में अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। विधायक बनने के बाद पहले कार्यकाल में इसका भूमि पूजन किया और उसी कार्यकाल में इसे चालू भी किया। इसने रतलाम का गौरव बढ़ाया है।

महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार अंतिम व्यक्ति के लिए काम करती है। रतलाम के विकास के लिए आज ही मुख्यमंत्री जी ने बैंक खाते में राशि डाली है, जिससे शहर की प्रमुख सड़कों की दशा सुधरेगी। शहर की सड़कों के लिए कुल 7 करोड रुपए की राशि मिलेगी, जिनसे अलग-अलग क्षेत्रों की मुख्य सड़कों का निर्माण होगा। श्री पटेल ने कहा कि आपका शहर से प्रेम तब दिखेगा, जब कचरा सड़क और नाली में डालना आप बंद कर देंगे। आपके क्षेत्र में कचरा गाड़ी आए तो कचरा गीला और सूखा अलग करके गाड़ी में ही डालें। रतलाम में सौगाते कम नहीं है, सौगाते विकास कार्यों के साथ रोजगार की भी मिलेगी।

# सभी को समान न्याय पाने का अधिकार है- पंचम जिला न्यायाधीश

शिवपुरी- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता के निर्देशन में एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी के सचिव अर्चना सिंह के मार्गदर्शन में आज सोमवार को ग्राम चिटोरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचम जिला न्यायाधीश पवन कुमार शंखवार ने की।

इस अवसर पर श्री संखवार ने उपस्थित लोगों को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक नागरिक को समान रूप से न्याय पाने का अधिकार है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति का प्रकरण न्यायालय में चल रहा है और वह आर्थिक रूप से कमजोर है वकील का खर्च उठाने में सक्षम नहीं है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी में आवेदन देकर नि शुल्क शासन के व्यय पर अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही श्री शंखवार ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकारों, गरीबी उन्मूलन योजना महिला एवं बाल सुरक्षा इकाई आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चीटोरा से की सरपंच निशा जाटव, पंचायत सचिव सुनील त्रिवेदी, रोजगार सहायक विनोद शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# बरेली में आयोजित महिला पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने की शिरकत , हुआ भव्य स्वागत

बरेली 7 रायसेन जिला वालीबाल संघ बरेली के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय अखिल भारतीय महिलाएं पुरुष इनडायरेक्ट डे नाईट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का बरेली में भव्य आयोजन चल रहा है इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 12 प्रांतों की महिलाएं पुरुष की टीमों ने भाग लिया है वहीं पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, जिला वालीबाल संघ अध्यक्ष ठाकुर हरनाम सिंह राजपूत, शिवाजी पटेल,तरबर सिंह राजपूत, जोधा सिंह अटवाल, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी द्वारा किया गया प्रतिदिन मुख्य अतिथि के रूप में जिले से लोग इस आयोजन में शिरकत कर रहे हैं सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की इस बीच मौजूद अतिथियों का स्वागत किया राकेश शर्मा ने कहा कि खेल जीवन का हिस्सा है भारतीय जनता पार्टी युवाओं की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेल से जुड़े कई आयोजन करती है कहा कि स्वस्थ रहना ही जीवन का मूल मंत्र होना चाहिए तभी आप सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल को बिना किसी भेदभाव के खेल भावना से खेलने का संकल्प लेना चाहिए। राकेश शर्मा ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन समिति को बधाई दी इस बीच ठाकुर हरनाम सिंह राजपूत, जिला मंत्री पवन रघुवंशी,महरवान सिंह राजपूत, महेश पटेल,सारंग पटवा, प्रकाश श्रीवास्तव, राजेश धाकड़, अंकित साहू, विक्रम सिंह राजपूत, मनोज चौधरी किनगी मौजूद रहे।

# औबेदुल्लागंज प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने भूपेंद्र मेहरा

ओबेदुल्लागंज ~ निर्वितमान अध्यक्ष भारत निहाल पार्षद पत्रकार सुनील सेरिया ,मोहन योगी, अमित श्रीवास्तव,सुरेश केवट, राजेश सैनी,देवेंद्र चौहान, पीतम राजपूत ऋषभ यादव सत्येंद्र पांडे, दीपक नागर, बिजी लाव निया अमित साहू, अनिकेत जैन, संदीप श्रीवास्तव, राम दुबे दीपेश यादव,अजय मालवीय, सुभाष गौर वैभव जैन आदि ने अध्यक्ष बनने पर भूपेंद्र मेहरा को बधाई दी

# विकास यात्राओं के दौरान करोड़ों के कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन हो रहा है

नरसिंहपुर। संत रविदास जंयती 5 फरवरी से 2 मार्च तक विकास यात्रायें निकाली जा रही हैं। इसके लिए जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों गोटेगांव, नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा व गाडरवारा में कुल 88 क्लस्टर बनाये गये हैं। इनमें 450 ग्राम पंचायतों के 1048 ग्राम और 8 नगरीय निकायों के 142 वार्ड शामिल किये गये हैं।

विकास यात्रा विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर के अंतर्गत 21 फरवरी को रूट क्रमांक 16 पिपरिया बरौदिया क्लस्टर में यात्रा ग्राम पंचायत पिपरिया बरौदिया से प्रात~ 9 बजे शुरू होगी और समापन शाम 6 बजे ग्राम पंचायत जोवा में होगा। इस क्लस्टर में ग्राम पंचायत बासादेही, नयाखेड़ा, पिपरिया बरौदिया, बम्होरी, बघुवार, मोहद व जोवा के ग्रामों को शामिल किया गया है। इनमें 450 ग्राम पंचायतों के 1048 ग्राम और 8 नगरीय निकायों के 142 वार्ड शामिल किये गये हैं।

विकास यात्रा विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के अंतर्गत 21 फरवरी को रूट क्रमांक 16 नगर पालिका परिषद गोटेगांव क्लस्टर में यात्रा नगर पालिका परिषद गोटेगांव के वार्ड क्रमांक 1 आजाद वार्ड से प्रात~ 9 बजे शुरू होगी और समापन शाम 6 बजे वार्ड क्रमांक 7 बजरंग वार्ड में होगा। इस क्लस्टर में नगर पालिका परिषद गोटेगांव के आजाद वार्ड, कामथ वार्ड, नेहरू वार्ड, हरदौल, वार्ड, बोस वार्ड, गांधी वार्ड व बजरंग वार्ड शामिल किये गये हैं।

विकास यात्रा विधानसभा क्षेत्र तेंदूखेड़ा के अंतर्गत 21 फरवरी को रूट क्रमांक 16 महगुवां नि. क्लस्टर में यात्रा ग्राम पंचायत महगुवां नि. से प्रात~ 9 बजे शुरू होगी और समापन शाम 6 बजे ग्राम पंचायत चिरचिरा में होगा। इस क्लस्टर में ग्राम पंचायत महगुवां नि., ठुटी, हर्रई, सिहोरा व चिरचिरा के ग्रामों को शामिल किया गया है।इसके लिए जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों गोटेगांव, नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा व गाडरवारा में कुल 88 क्लस्टर बनाये गये हैं। इनमें 450 ग्राम पंचायतों के 1048 ग्राम और 8 नगरीय निकायों के 142 वार्ड शामिल किये गये हैं।

विकास यात्रा विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत 21 फरवरी को रूट क्रमांक 16 सिंहपुर छोटा क्लस्टर में ग्राम पंचायत मऊ से प्रात~ 9 बजे शुरू होगी और यात्रा का समापन शाम 6 बजे ग्राम पंचायत ढाना में होगा। इस क्लस्टर में ग्राम पंचायत मऊ, सूखाखैरी, बगलई, आड़ेगांव खुर्द, सिंहपुर छोटा व ढाना के ग्रामों को शामिल किया गया है। इसी क्रम में 19 फरवरी को जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्रायें निकाली गई। विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव की विकास यात्राओं में पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र नागेश और अन्य जनप्रतिनिधियों ने 3 करोड़ 54 लाख रुपये लागत के कुल 24 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव में 48 लाख रुपये लागत के 11 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व 3 करोड़ 6 लाख रुपये के 13 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ भी हितग्राहियों को वितरित किये। साथ ही गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में 248 आवेदन स्वीकृत किये गये।

विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर की विकास यात्राओं के दौरान 19 फरवरी को 2 करोड़ 21 लाख रुपये के 22 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर की विकास यात्राओं में विधायक जालम सिंह पटैल और अन्य जनप्रतिनिधियों ने 2 करोड़ 21 लाख रुपये लागत के कुल 22 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में 78 लाख रुपये लागत के 8 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व 1 करोड़ 43 लाख रुपये लागत के 14 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ भी हितग्राहियों को वितरित किये। साथ ही नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में 358 आवेदन स्वीकृत किये गये। विधानसभा क्षेत्र तेंदूखेड़ा की विकास यात्राओं में पूर्व विधायक भैयाराम पटैल, अभिलाष मिश्रा, विश्वनाथ सिंह पटैल- मुलायम भैया, डॉ. हरगोविंद पटैल और अन्य जनप्रतिनिधियों ने 3 करोड़ 79 लाख रुपये लागत के कुल 27 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में 1 करोड़ 44 लाख रुपये लागत के 14 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व 2 करोड़ 35 लाख रुपये लागत के 13 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ भी हितग्राहियों को वितरित किये। साथ ही तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में 27 आवेदन स्वीकृत किये गये। विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा की विकास यात्राओं में पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल व अन्य जनप्रतिनिधियों ने 3 करोड़ 4 लाख रुपये लागत के कुल 26 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में 64 लाख रुपये लागत के 12 निर्माण कार्यों का लोकार्पण व 2 करोड़ 40 लाख रुपये लागत के 14 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ भी हितग्राहियों को वितरित किये। साथ ही गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में 24 आवेदन स्वीकृत किये गये।

# रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी मिंत्रा पर दैनिक फैशन के विकल्पों को देखकर हुए चकित

मुंबई, एजेंसी। मिंत्रा ने अपने लेटेस्ट ब्रांड कैम्पेन, 'बी एक्स्ट्राऑर्डिनरी एवरी डे' के तहत अपने ब्रांड एम्बेसडर रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी के साथ एड फिल्मों की श्रृंखला जारी की है। रनबीर कपूर और कियारा आडवाणी मिंत्रा की दो-दो फिल्मों में दिखाई दिए हैं। देश में अपने लाखों फैंस के बीच रनबीर पुरुषों के कैज्युअल वियर का प्रचार कर रहे हैं, और कियारा महिलाओं के वेस्टर्न वियर एवं एथनिक वियर का प्रदर्शन कर मिंत्रा का फैशन नैरेटिव घर-घर पहुँचा रहे हैं। मिंत्रा 6000 अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय, घरेलू और डी2सी ब्रांड्स के विस्तृत संग्रह के साथ अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल तथा विभिन्न मूल्य वर्गों में 1.7 मिलियन ट्रेंड-फर्स्ट स्टाईल प्रदान करता है। इस ब्रांड कैम्पेन का उद्देश्य देश में हर ग्राहक तक मिंत्रा के अद्वितीय उत्पाद पहुँचाना और उनकी फैशन की दैनिक जरूरतों को पूरा करना है, ताकि देश में दैनिक फैशन में सुधार हो। 'बी एक्स्ट्राऑर्डिनरी एवरी डे' की मुख्य अवधारणा अपने ग्राहकों को उनके पसंदीदा अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू ब्रांड्स की सबसे विशाल श्रृंखला प्रदान करने के वादे पर आधारित है। यह अवधारणा इस छोटे से विचार से उत्पन्न हुई है कि यदि व्यक्ति को अग्रणी ब्रांड्स के लेटेस्ट स्टाईल और ट्रेंड्स की विस्तृत श्रृंखला बहुत आसानी से उपलब्ध हो, तो उनका दैनिक स्टाईल बेहतरीन होकर सामान्य क्षणों को अभूतपूर्व बना सकता है। रनबीर और कियारा को अपनी-अपनी फिल्मों में एक नए अवतार में प्रस्तुत किया गया है, वो अद्वितीय और दिलचस्प किरदार निभा रहे हैं। ये किरदार उनसे अलग हैं, जो वो आम कैम्पेन में एन्डॉर्स करते हुए निभाते हैं। इन फिल्मों में वो अपने दोस्तों या परिचितों से अचानक मिलने पर उनका शानदार फैशन लुक देखकर चौंक जाते हैं, जिसकी वजह से वो स्टार की तरह दिखाई दे रहे हैं। इसमें सेलिब्रिटीज़ विपरीत भूमिका में दिखाई गई हैं, जो मिंत्रा के ब्रांडेड फैशन द्वारा अपने दोस्तों को मिले बेहतर फैशन क्लोज़ेट को देखकर चकित रह जाती हैं। इस फिल्म में लोगों और उनके फैशन पर गहरा फोकस दिखाया गया है, और उनके स्टाईल क्लोज़ेट को सेलिब्रिटीज़ ने प्रमाणित किया है।

# शाहिद कपूर का खिलाड़ी अवतार




मुंबई, एजेंसी। अपने ओटीटी शो की सफलता से नई ऊँचाई हासिल करने वाले शाहिद कपूर इन दिनों अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। मल्टी टेलेंटेड कहलाने वाले खिलखिलाते शाहिद ने स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म खिलाड़ी डॉट कॉम के कैंपेन शूट के लिए जैसे ही स्टूडियो में कदम रखा, माहौल ही बदल गया। इसकी पहली रील उनके इंस्टाग्राम हैंडल पर लाइव हो चुकी है। जिसमें वे एक एम्प्लॉई हैं और ऑफिस में अपने बॉस से बात कर रहे हैं। इसमें बॉस, एम्प्लॉई के बीच कॉमिक कन्वर्सेशन दिखाई गई है। सबसे खास बात यह है कि उनके बॉस बोनस परसेंटेज देने का ऑफर लगातार बढ़ाते हैं जबकि शाहिद कूल अंदाज में टेबल पर पैर रखकर रिफ्यूज करते दिखाई देते हैं। आखिरी में फाइनल अमाउंट के लिए राजी होने के बाद शाहिद कहते हैं क्योंकि खिलाड़ी अपना भाव जानता है।

# पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड ने नए आईरोंके लिए अपने संयुक्त उपक्रम भागीदारों के साथ सबसे न्यूनतम घोषित किया

मुंबई, एजेंसी। हाइड्रो पावर और सिंचाई क्षेत्र में स्पेशलाइज्ड रखने वाली सिविल कंस्ट्रक्शन कंपनी, पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड ने घोषणा की कि उसे निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए सबसे न्यूनतम बिडर घोषित किया गया है। इन परियोजनाओं को संयुक्त उपक्रम में पूरा किया जाएगा। सभी परियोजनाओं को 36 महीने की अवधि में पूरा करने का निर्धारण किया गया है। जल संसाधन विभाग, मध्य प्रदेश द्वारा रिहंद माइक्रो सिंचाई परियोजना रिहंद माइक्रो सिंचाई परियोजना, मध्य प्रदेश राज्य के तहत माइक्रो सिंचाई के लिए प्रेशराइज्ड पाइपलाइन सिस्टम द्वारा राइजिंग/ ग्रेविटी मेंस के मार्फत जल सप्लाई के लिए प्रेशर सिंचाई सिस्टम का निर्माण 5,120.47 रुपए है। जल संसाधन विभाग, महाराष्ट्र सरकार द्वारा कृष्णा मराठवाड़ा सिंचाई परियोजना लिफ्ट इरीगेशन -1 कृष्णा मराठवाडा सिंचाई परियोजना, जिला उस्मानाबाद, महाराष्ट्र राज्य की लिफ्ट इरिगेशन स्कीम नंबर1 के तहत सिविल और अलाइडवर्क के समावेश वालेवर्क्स की इन्वेस्टिगेशन, डिजाइन, कंस्ट्रक्शन, टेस्टिंग, कमिश्निंग 3,373.34 रुपए है। जल संसाधन विभाग, महाराष्ट्र सरकार द्वारा कृष्णा मराठवाडा सिंचाई परियोजना लिफ्ट इरिगेशन स्कीम कृष्णा मराठवाडा सिंचाई परियोजना, जिला उस्मानाबाद, महाराष्ट्र राज्य की कृष्णा लिफ्ट इरिगेशन स्कीम नंबर 2 के तहत सिविल और अलाइडवर्क के समावेश वालेवर्क्स काइन्वेस्टिगेशन, डिजाइन, कंस्ट्रक्शन, टेस्टिंग, कमिश्निंग 1,596.75 रुपए है। इस तरह कुल 10,090.56 रुपए है।

# ऐवरो इंडियाकावित्त वर्ष 23 के 9 महीने में शुद्ध लाभ 253 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई, एजेंसी। प्लास्टिक मोल्डेड फर्नीचर प्रोडक्ट की एक सबसे बड़ी निर्माता, ऐवरोइंडिया लिमिटेड (एनएसई और बीएसई-543512) ने वित्त वर्ष 23 की तीसरी तिमाही केअपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। प्रदर्शन पर बोलते हुए कंपनी के चेयरमैन, श्री सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा, प्लास्टिक फर्नीचर की डिमांड से हमें अच्छी आय वृद्धि की रिपोर्ट देने में मदद मिली है और हमारी रीसाइक्लिंग यूनिट से हमें लागत में कमी करने और मुनाफा अधिकतम करने में मदद मिली है तथाजोहमारी सुधारित एबिटडा मार्जिन में स्पष्ट रूप से दिखता है, जो वित्त वर्ष 23 की समीक्षाधीन तिमाही और 9 महीने में 10 प्रतिशत से अधिक है। कुल आय वित्त वर्ष 23 के 9 महीने में 36.88 प्रतिशत बढ़कर63.69 करोड़ हुई। एबिटडा वित्त वर्ष 23 के 9 महीने में 148.11 प्रतिशत बढ़कर 6.55 करोड हुआ। एबिटडा मार्जिन 5.67 प्रतिशत की तुलना में 10.28 प्रतिशत हुई।

# अडानी-हिंडनबर्ग विवाद: रियल एस्टेट दिग्गज के.पी. सिंह ने बैंको को लेकर कह डाली बड़ी ये बात

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद एक समय देश के सबसे अमीर व्यक्ति रहे गौतम अडानी के कारोबारी साम्राज्य में उथल-पुथल मची हुई है। हालांकि, रियल एस्टेट क्षेत्र के दिग्गज के.पी. सिंह का मानना है कि अडानी घटनाक्रम से भारत के प्रति वैश्विक निवेशकों का भरोसा नहीं डिगा है। उन्होंने इन चर्चाओं को भी खारिज कर दिया कि अडानी समूह को 'ऊपर' के निर्देश के बाद बैंकों ने कर्ज दिया था। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वृद्धि के मार्ग पर बने रहने के लिए अडानी समूह को अपने पूंजी आधार को बढ़ाने और कर्ज को कम करने की जरूरत है। हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट 24 जनवरी को आई थी। उसके बाद से ही अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त बिकवाली का सिलसिला चल रहा है। डीएलएफ के मानद चेयरमैन के.पी. सिंह ने कहा कि यह केवल एक कॉरपोरेट समूह से संबंधित अस्थायी झटका है और इससे भारत के प्रति निवेशकों का भरोसा कम नहीं हुआ है। खरी-खरी बोलने के लिए प्रसिद्ध सिंह ने याद दिलाया कि कैसे जब डेढ़ दशक पहले उनकी रियल एस्टेट फर्म डीएलएफ आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला रही थी, कनाडा की एक कंपनी ने एक रिपोर्ट लाने की धमकी दी थी। उन्होंने बताया, उस समय हमने कनाडा की कंपनी से कहा था कि उसे जो करना है वह करे। कुछ 'ब्लैकमेलर' होते हैं, जो बड़ी शेयर बिक्री के समय रिपोर्ट लाते हैं।

# कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम के तहत पेंशन देना गलत: निर्मला सीतारमण



नई दिल्ली। पोस्ट बजट सेशन कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कर्मचारियों का न्यू पेंशन स्कीम का पैसा लौटाने की मांग गलत है। कानूनी रूप से यह राशि कर्मचारियों की है। इसलिए नियोक्ता को वापस नहीं की जा सकती, जैसा अन्य कर्मचारी लाभ के मामलों में होता है। पुरानी पेंशन स्कीम में लागत भावी सरकारें स्वीकृत कर लेती हैं, इससे कल्याणकारी स्कीमों के लिए निधियों की उपलब्धता पर बुरा प्रभाव होता है। वर्तमान पीढ़ी को भावी पीढ़ियों की वित्तीय स्थिरता की कीमत पर फायदा मिल रहा है। यह नई पेंशन योजना कांग्रेस लेकर आई थी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने किसी भी स्टार्टअप के विदेशी निवेश पर टैक्स नहीं लगाया। लेकिन, अगर स्टार्टअप की वैल्यू से ज्यादा अगर उसमें निवेश हो रहा है, तो सरकार उस पर टैक्स लगाएगी। निर्मला सीतारमण ने कहा कि किसी भी स्टार्टअप में अगर उसकी वैल्यू से ज्यादा का निवेश होता है, तो वह जांच करने वाली बात है। क्योंकि, हमने कई बार देखा है कि स्टार्टअप में विदेशी निवेश उसकी वैल्यू से कई गुना से भी ज्यादा होता है, जो कि भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग की तरफ इशारा करता है। सरकार केवल उन्हीं स्टार्टअप पर टैक्स लगाने का फैसला किया है, जिनमें क्षमता से ज्यादा निवेश मिल रहा है, ताकि स्टार्टअप में किसी तरह की मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगे।

## गहलोत पर तंज कसा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तंज कसते हुए कहा कि यहां तो बहुत गड़बड़ है, पिछले साल का बजट इस साल पढ़ रहे हैं। मैं उनके लिए प्रार्थना करती हूं। मुख्यमंत्री पिछला बजट पढ़कर उसे डिब्बे में डाल दिया और जब दोबारा बजट पढ़ने की बारी आई तो, वहीं डिब्बा खोलकर बजट पढ़ दिया। यह एक बहुत बड़ी गड़बड़ है और मैं उनके लिए प्रार्थना करूंगी। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार पर पूछे गए सवालों का सामना नहीं कर पाती है। पेट्रोल और डीजल को केन्द्र सरकार जीएसटी के दायरे में लाने को तैयार है, लेकिन देश की राज्य सरकारें इसे लागू करने में पीछे हट रही है।

# कल्पतरु को 3,185 करोड़ रुपये का ठेका मिला

नई दिल्ली, एजेंसी। कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन ने सोमवार को कहा कि उसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों में 3,185 करोड़ रुपये के ठेके मिले हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) और उसकी अंतरराष्ट्रीय सहायक कंपनियों ने 3,185 करोड़ रुपये के नए ठेके हासिल किये हैं। बयान के मुताबिक इनमें 1,481 करोड़ रुपये के ठेके टीएंडडी (पारेषण वितरण) कारोबार से संबंधित हैं। उसे 1,509 करोड़ रुपये की ईपीसी (इंजीनियरिंग खरीद निर्माण) परियोजनाएं मिली हैं, जो जल व्यवसाय से संबंधित हैं। इसके अलावा 195 करोड़ रुपये की व्यावसायिक भवन परियोजना भी है।

केपीटीएल के प्रबंध निदेशक और सीईओ मनीष मोहनोत ने कहा, हम जल व्यवसाय और टीएंडडी कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं। हमें विश्वास है कि हमारी वृद्धि में इन क्षेत्रों का अहम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि इन ठेकों को हासिल करने के साथ वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को मिले ऑर्डर का कुल आकार 22,672 करोड़ रुपये हो गया है।

# दो होली स्पेशल ट्रेन रतलाम जंक्शन से होकर चलेगी

इंदौर। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल से होकर अहमदाबाद से पटना एवं मुंबई सेंट्रल से भगत की कोठी के लिए दो जोड़ी होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया के साथ किया जाएगा। इन दोनों गाड़ियों का दोनों तरफ से ठहराव भी तय किया गया है। रेलवे ने यह फैसला होली यात्रियों की बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए किया गया।

**अहमदाबाद-पटना स्पेशल ट्रेन का स्पेशल किराया:** गाड़ी संख्या 09417 अहमदाबाद-पटना स्पेशल 6 मार्च सोमवार को अहमदाबाद से 9.10 बजे चलकर रतलाम जंक्शन (14.40/15.00 सोमवार) होते हुए मंगलवार को 21.05 बजे पटना स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09418 पटना अहमदाबाद स्पेशल 7 मार्च मंगलवार को 23.45 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम जंक्शन (6.15 / 06.25 गुरुवार) होते हुए गुरुवार को 11.20 बजे अहमदाबाद स्टेशन पहुँचेगी।

इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में नडियाद, छायापुरी, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, भरतपुर, अछनेरा, मथुरा जंक्शन, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी, पं दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में दो सेकंड एसी, छ- थर्ड एसी, आठ स्लीपर एवं चार सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे।

**मुंबई सेंट्रल-भगत की कोठी स्पेशल ट्रेन का स्पेशल किराया:** गाड़ी संख्या 09093 मुंबई सेंट्रल भगत की कोठी स्पेशल 4 मार्च शनिवार को मुंबई सेंट्रल से 9.30 बजे चलकर रतलाम जंक्शन (20.10 / 20.20 शनिवार), मंदसौर (21.33 / 21.35), नीमच (22.25 / 22.27) एवं चित?तौड़गढ़ (1.10 / 01.15 रविवार) होते हुए रविवार को 9.30 बजे भगत की कोठी पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09094 भगत की कोठी मुंबई सेंट्रल स्पेशल 5 मार्च रविवार को भगत की कोठी से 12.15 बजे चलकर रतलाम मंडल के चित्तौड़गढ़ (20.25 / 20.35, रविवार), नीमच (21.30 / 21.35), मंदसौर (22.14 / 22.16) एवं रतलाम (23.55 / 00.00) होते हुए सोमवार को 11.45 बजे मुंबई सेंट्रल पहुँचेगी।

इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, विजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, ब्यावर, मारवाड़, पाली मारवाड़ एवं लूनी स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। इस ट्रेन में एक सेकंड एसी, एक सेकंड कम थर्ड एसी, चार थर्ड एसी, बारह स्लीपर एवं चार सामान?य श्रेणी के कोच रहेंगे।

# लागत में कमी के लिए एयरलाइन कंपनियां साझा एमआरओ सुविधा स्थापित करें : सुरेश

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की एयरलाइन कंपनियां अपने बेड़े का विस्तार करने की तैयारी में लगी हैं। ऐसे में पूर्व नागर विमानन मंत्री सुरेश प्रभु ने सुझाव दिया है कि भारतीय एयरलाइन कंपनियों को देश के भीतर ही रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल (एमआरओ) के लिए एक साझा सेवा सुविधा स्थापित करने पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इससे इन कंपनियों की लागत घटेगी।

एयर इंडिया द्वारा 17 वर्षों से अधिक के बाद नए विमानों के ऑर्डर देने पर प्रभु ने कहा कि एयरलाइन को लाभदायक खाड़ी मार्गों पर और अधिक उड़ानों का परिचालन करने के साथ पूर्व में अपने संचालन वाले 'ऐतिहासिक संपर्क' को बहाल करने का प्रयास करना चाहिए।

प्रभु मार्च, 2018 से मई, 2019 तक नागर विमानन मंत्री थे। उनके कार्यकाल के दौरान घाटे में चल रही एयर इंडिया के पुनरुद्धार के प्रयास भी किए गए। अंततः टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में सरकार के विनिवेश कार्यक्रम के तहत एयर इंडिया का अधिग्रहण किया। प्रभु ने कहा, ''हमें भारत को अंतरराष्ट्रीय विमानन केंद्र बनाने के साथ एक साझा विमानन सुविधा पर भी काम करना चाहिए। इसका इस्तेमाल सभी एयरलाइन कंपनियां कर सकेंगी। भारत में ज्यादातर विमानों को एमआरओ सेवाओं के लिए विदेशों में ले जाना पड़ता है। देश में साझा एमआरओ सुविधा से एयरलाइन कंपनियों का काफी खर्च बचेगा।'' उन्होंने कहा कि विमानन क्षेत्र काफी चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में एयर इंडिया को अपनी पूरी क्षमता पर काम करना चाहिए।।

इस सप्ताह की शुरुआत में एयर इंडिया ने एयरबस और बोइंग से 470 विमानों की खरीद के ऑर्डर की घोषणा की है। इसके अलावा एयरलाइन के पास 370 और विमान खरीदने का भी विकल्प होगा।

पूर्व नागर विमानन मंत्री ने कहा, ''विमान का ऑर्डर देना एयर इंडिया के लिए काफी जरूरी था। जेट एयरवेज के ठप होने के बाद एक 'खालीपन' आ गया था, जिसे विस्तार ने आंशिक रूप से कुछ भरा है। एयर इंडिया द्वारा बड़ी संख्या में विमानों की खरीद के साथ इस खाली जगह को काफी हद तक भरा जा सकेगा।'' उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भारतीय शहरों को हवाई संपर्क से जोड़ने से एयर इंडिया का मुनाफा बढ़ेगा। जेट एयरवेज ने वित्तीय संकट के चलते अप्रैल, 2019 में परिचालन बंद कर दिया था।

# भारत साल 2047 तक बन सकता है एक विकसित देश

## बाकी देशों की तुलना में कैसी है देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2022 में इंडिपेंडेंस डे पर अपने भाषण में कहा था कि आने वाले समय में भारत की अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया में सबसे तेज होगी। उन्होंने साल 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। हालांकि इसके लिए भारत को लगातार उच्च विकास दर बनाए रखनी होगी। प्रधानमंत्री के ऐसा कहने के तुरंत बाद अर्थशास्त्रियों और अन्य विशेषज्ञों ने इसपर अनुमान लगाने शुरू कर दिए। क्या सच में भारत साल 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारतीय अर्थशास्त्री सुरजीत एस भल्ला ने हमारे सहयोगी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया में इसपर एक लेख लिखा है। सुरजीत एस भल्ला के मुताबिक, किसी भी देश की अर्थव्यवस्था विकसित है या विकासशील यह कई बातों पर निर्भर करता है। भारत की अर्थव्यवस्था की बात करें तो देश में अत्यधिक गरीबी पिछले तीन सालो में एक फीसदी के बराबर या उससे कम थी। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि महामारी के साल यानी 2020-21 में भारत में ज्यादातर गरीबी अपने न्यूनतम स्तर 0.8 फीसदी पर थी। यही नहीं, महामारी से पहले, देश अत्यधिक गरीबी दूर करने के बिल्कुल करीब पहुंच चुका था। केवल अत्यधिक गरीबी ही नहीं, असमानता को मापने वाले गिनी गुणांक के हिसाब से असामनता भी चालीस सालों के न्यूनतम स्तर तक पहुंच गई थी। इसकी वजह महामारी-काल के दौरान सरकार ने खाद्य सब्सिडी शुरू की थी।

अर्थशास्त्री सुरजीत एस भल्ला के मुताबिक, साल 2014 से 2019 के समय को अक्सर भारतीय अर्थव्यवस्था की धीमी वृद्धि के लिए जाना जाता है। ध्यान दें कि देशों का क्लासिकेशन चाहे जो भी हो, यह अवधि न्यूनतम थी। यह भी ध्यान दें कि यह समय एकमात्र ऐसा समय था जब भारत में प्रति व्यक्ति वृद्धि पूर्वी एशिया (चीन को छोड़कर) से ज्यादा थी। यह आउट-परफॉर्मेंस साल 2021-27 के समय के लिए 1.2 प्रतिशत प्रति वर्ष के उच्च स्तर तक बढ़ जाता है। अगर भारत में प्रति व्यक्ति आय निरंतर पीपीपी डॉलर में सालाना 4.1 प्रतिशत बढ़ती है, तो इस बात की काफी बड़ी संभावना है कि भारत आने वाले समय में जल्द ही विकसित अर्थव्यवस्था वाले देशों की स्थिति में पहुंच जाएगा। इधर दुनिया के कई देशों में गरीबी बढ़ी है। गरीबी में यह इजाफा कोरोना काल के बाद आया है। कोरोना काल में काफी लोगों की नौकरियां गई। कई लोगों का बिजनस भी चौपट हुआ। इसकी वजह से भी दुनिया के देशों में गरीबी बढ़ी है।

# अडानी-अंबानी से ज्यादा कीमती है हमारा समय: रामदेव



नई दिल्ली, एजेंसी। योग गुरु बाबा रामदेव के मुताबिक, गौतम अडानी, मुकेश अंबानी और रतन टाटा जैसे दिग्गज उद्योगपतियों की तुलना में उनका समय बहुत ज्यादा कीमती है। योग गुरु ने कहा कि कॉरपोरेट अपने 99 फीसदी समय का इस्तेमाल खुद के हित के लिए करते हैं, जबकि एक संत का समय सभी की भलाई के लिए होता है। पणजी में एक कार्यक्रम में बोलते हुए बाबा रामदेव ने ये बात कही। वह यहां अपने सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक भी मौजूद थे।

बाबा रामदेव ने कहा कि वह हरिद्वार से तीन दिनों के लिए पणजी आए हैं, उनके समय की वैल्यू अडानी, अंबानी, टाटा और बिड़ला से ज्यादा है। उन्होंने अपने पेशेवर शासन, पारदर्शी प्रबंधन और जवाबदेही के कारण इस वित्तीय वर्ष में पतंजलि को एक घाटे की कंपनी से 40,000 करोड़ रुपये के कारोबार वाली फर्म में पुनर्जीवित करने के लिए बालकृष्ण की सराहना की। उन्होंने कहा कि पतंजलि जैसे साम्राज्य को बनाकर और आगे बढ़ाकर भारत को परम वैभवशाली बनाने का सपना साकार किया जा सकता है।

इससे पहले रामदेव ने दावा किया था कि कोविड-19 महामारी के बाद भारत में कैंसर के मामले बढ़े हैं। हालांकि, उनके दावे का खंडन करते हुए, चिकित्सा विशेषज्ञों ने कहा कि दोनों के बीच कोई संबंध नहीं था और मामलों में वृद्धि एक सामान्य घटना थी। गोवा के मीरामार समुद्र तट पर एक सभा को संबोधित करते हुए उनकी पतंजलि योग समिति ने एक योग शिविर आयोजित किया था। इस दौरान रामदेव ( ने कहा कि कैंसर बहुत बढ़ गया है। कोविड-19 महामारी के बाद इस बीमारी के मामले बढ़े हैं। लोगों ने अपनी आंखों की रोशनी, सुनने की क्षमता खो दी है।

# एयर इंडिया और विस्तारा का मर्जर जल्द होगा पूरा, दोनों कंपनियों ने शुरू किया प्रोसेस

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा संस के स्वामित्व वाली एयर इंडिया और विस्तारा के विलय पर काम शुरू हो गया है और दोनों एयरलाइंस ने अपने इंटीग्रेशन प्रोसेस को चालू कर दिया है। दोनों एयरलाइंस की मर्जर प्रक्रिया को जल्द ही पूरा करने की दिशा में ये काम किया जा रहा है। अब इससे जुड़ी एक बड़ी खबर आई है कि इनके कर्मचारियों को किस तरह से इस मर्जर प्रोसेस के तहत एडजस्ट किया जाएगा।

एयर इंडिया और विस्तारा के सीनियर एग्जीक्यूटिव्स की एक टीम इस मर्जर प्रक्रिया पर काम कर रही है। इसके अलावा कंसल्टेंसी फर्म डेलॉयट ने ह्यूमन रिसोर्स (एचआर) के इंटीग्रेशन प्रोसेस को पूरा करने की दिशा में काम चालू कर दिया है। वहीं लॉ फर्म एजेडबी पार्टनर्स का कानूनी और नियामकीय अनुपालन के लिए काम जारी है।


पिछले साल सिंगापुर एयरलाइंस और टाटा समूह ने एयर इंडिया और विस्तारा के विलय का ऐलान किया था। इस मर्जर में सिंगापुर एयरलाइंस ने अपनी 25.1 फीसदी होल्डिंग को मर्ज होने वाली एंटिटी में लगाया था। इस मर्जर के मार्च 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। विस्तार एयरलाइंस टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस का 51:49 रेश्यो का जॉइंट वेंचर है।

मानव संसाधन इंटीग्रेशन प्रोसेस के तहत विस्तारा एयरलाइंस के नॉन फ्लाइंग स्टाफ को अप्रेजल मिलेगा लेकिन इसके लिए होगन टेस्ट के प्रोसेस से गुजरना होगा। ये टेस्ट एक अमेरिकी फर्म होगन ने डिजाइन किया है। इस टेस्ट के जरिए कर्मचारियों के सामान्य पर्सनेलिटी विशेषताओं को परखा जाएगा और खासतौर से लीडरशिप रोल के लिए वो कितना तैयार है, इसको मापा जाएगा।

जो टीम मैनेजर्स और मेंबर्स सीधा मैनेजमेंट को रिपोर्ट करते हैं, उनका अगले कुछ हफ्ते में आकलन किया जाएगा। इसके अलावा अगले चरण के एंप्लाइज का आकलन उनके कई तरह के रोल के तहत किया जाएगा। इस मर्जर प्रोसेस के तहत होने वाली प्रक्रिया से परिचित एक शख्स ने कहा कि चूंकि दोनों एयरलाइंस में समान रोल के लिए एग्जीक्यूटिव मौजूद हैं तो ये सावधानीपूर्वक तय किया जाएगा कि किसे लीडरशिप रोल दिया जाए और किसे मैनेजमेंट वाला रोल दिया जाए।

# फारेंन करंसी की किल्लत, हर महीने 2 बिलियन डॉलर उड़ा रहे हैं भारतीय सैर सपाटे पर

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना काल में लोगों का घूमना-फिरना बंद हो गया था। भारत सहित कई देशों में ट्रैवल पर कई तरह की पाबंदियां लगाई थीं। कोरोना के मामले कम होने के साथ इन पाबंदियों में ढील दी गई और लोगों ने दोबारा घूमना-फिरना शुरू कर दिया। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि भारतीयों ने पिछले 9 महीनों में जमकर ट्रैवल किया है। इस दौरान भारतीयों ने विदेश घूमने में 10 अरब डॉलर से ज्यादा रुपये खर्च कर दिए हैं। ऐसे में कहीं इसलिए ही तो फारेंन करेंसी की किल्लत नहीं हो रही है भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 8.319 अरब डॉलर की गिरावट आई है। यह बीते 10 माह की सर्वाधिक है। 10 फरवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 566.948 अरब डॉलर रह गया। यह एक अप्रैल, 2022 के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था।



## दिसंबर महीने में खूब घूमे भारतीय

भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, साल 2022 में भारतीयों ने अकेले दिसंबर महीने में ट्रैवल पर 1,137 मिलियन डॉलर खर्च किए हैं। वहीं एजूकेशन, रिश्तेदारों को गिफ्ट आदि पर खर्च की गई विदेशी मुद्रा को देखें तो भारतीयों ने चालू वित्त वर्ष के दौरान करीब 19,354 मिलियन डॉलर भेजे हैं। यह पूरे एफवाय22 में विदेश भेजे गए .19,610 मिलियन के करीब है, जो एक रेकॉर्ड वर्ष था। वित्तीय वर्ष 2018 तक भेजे गए एक अरब डॉलर से कम के कुल मासिक औसत की तुलना में भारतीय अब करीब 2 अरब डॉलर खर्च कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2012 में 35 प्रतिशत की तुलना में वित्त वर्ष 23 में ट्रैवल की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत तक बढ़ी है। ईटी की खबर के मुताबिक, भारतीयों ने वित्त वर्ष 2022-23 के पहले नौ महीनों के दौरान विदेश यात्रा पर करीब 10 अरब डॉलर खर्च किए, जो किसी भी पूरे वित्तीय वर्ष से ज्यादा है। किसी भी वित्तीय वर्ष में अगर देखें तो ट्रैवल में सबसे ज्यादा खर्च वित्त वर्ष 20 में कोरोना काल से पहले था, जब भारतीयों ने विदेश घूमने पर करीब 7 बिलियन डॉलर खर्च किए थे।

# स्वतंत्रता सेनानी बादल भोई के बलिदान दिवस आज

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और सांसद नकुल नाथ करेंगे शिरकत

**छिंदवाड़ा ।** जल जंगल और जमीन के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जंग छेड़ने वाले महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बादल भोई के बलिदान दिवस पर आज छिंदवाड़ा सहित प्रदेश और देश उन्हे नमन कर रहा है। छिंदवाड़ा की माटी के इस सपूत को याद करते हुए आज मंगलवार को जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ द्वारा शाम 6 बजे से शहर के पोला ग्राउंड मे बादल भोई बलिदान दिवस मनाया जाएगा।इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और छिंदवाड़ा सांसद नकुल नाथ शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक महापौर विक्रम अहाके ने बताया कि 21 फरवरी को शाम 6 बजे से पोला ग्राउंड में सुमरनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम ,नाटक, आवाज का जादूगर के साथ ही युवाओं के लिए आदिवासी परिधानों में रैंप वॉक का कार्यक्रम रखा गया है। इसके अलावा आदिवासी प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा..कार्यक्रम का एक खास आकर्षण महान स्वतंत्रता सेनानी बादल भोई पर आधारित गीत होगा जिसे पूर्व मुख्यमंत्री और जिले के सांसद की उपस्थिति में लॉन्च किया जाएगा।महापौर विक्रम अहाके ने बताया कि जल सत्याग्रह करके अंग्रेज सरकार की नाक में दम करने वाले सेनानी बादल भोई का जन्म छिंदवाड़ा जिले के परासिया विकासखंड के तीतरा गांव में सन 1845 में हुआ था।

# सड़कों का कायाकल्प के लिए 50 लाख रुपया राशि मिली

**अमरवाड़ा ।** नगर पालिका सभागृह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 413 नगरी निकाय की सड़कों का कायाकल्प अभियान के तहत अमरवाड़ा नगर पालिका को 50 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई जिसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग में नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी लोक निर्माण की सभापति दीपा मुकेश सूर्यवंशी राजस्व सभापति आरिफ शाह सभापति नीतू शैलेंद्र पटेल दुर्गा वंशकार मुकेश सूर्यवंशी राजस्व निरीक्षक जितेंद्र गौर उपयंत्री श्रुति शुक्ला मनोज जैन विनय नेमा विपिन नामदेव और समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

मानव श्रंखला बनाकर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

# मानव श्रंखला बनाकर ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ



**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवारा द्वारा बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू क्लासेस के विद्यार्थियों द्वारा रविवार को जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल के कुशल मार्गदर्शन में तथा जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन एवम परामर्शदाता विनोद तिवारी,श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह,जय प्रकाश सूर्यवंशी,आशीष साहू नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में अध्ययन कर रहे बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा अंकुर अभियान के तहत कालेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य अंकुर अभियान के माध्यम से पोधरोपन एवम मुख्यमंत्री के प्रतिदिन हो रहे वृक्षारोपण संकल्प के दो वर्ष पूर्ण होने पर साथ ही अधिक विस्तृत पौधरोपन हो जिससे कि वृक्षों की संख्या में वृद्धि हो एवम वृक्षारोपण के लक्ष्य को पूरा किया जा सके व पुराने वृक्षों का संरक्षण व संवर्धन हो सके।

# शिवजी की प्राण प्रतिष्ठा की गई



**छिन्दवाड़ा ।** गोरेघाट लिंगा के पास शिव प्राण प्रतिष्ठान शिव परिवार स्थापना एवं भंडारा का आयोजन किया गया है तीन दिवसीय कार्यक्रम का आज समापन होगा पंडित सुनील तिवारी, अभिषेक तिवारी, बंटी तिवारी , नंदन गोस्वामी, मुकेश तिवारी के द्वारा किया गया जिसमें ग्राम समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे प्रमुख रूप से रामदयाल कुलारे ,राजू कुलारे, शिवराम कुलारे ,सुनील कुलारे ,अशोक यादव ,घनश्याम पटेरिया ,गणेश धुर्वे ,बीता काले ,प्रीति पटेल अनीता प्रजापति एवं समस्त ग्रामवासी के द्वारा शिव परिवार की स्थापना की गई।

# मुख्यमंत्री ने चखा टमाटर, फल्लीदाने का स्वाद




## कृषि विभाग के स्टॉल की प्रशंसा की

**छिंदवाड़ा ।** जिले के सौंसर में विकासयात्रा के कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा मिलेट उत्पादों (श्री अन्न) एवं प्राकृतिक खेती के उत्पादों के स्टॉल लगाए गए थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और कृषि मंत्री कमल पटेल ने स्टालों का निरीक्षण किया सीएम ने टमाटर और फल्ली के दाने का स्वाद चखा और विभाग के स्टॉल की प्रशंसा की। कृषि विभाग के उपसंचालक जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों में रूझान बढ़ रहा है।

## 4 ग्रामों में विकास यात्रा संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** जिले के विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव के विकासखंड जुन्नारदेव में यूथ कांफ्रेंस की थीम पर विकास यात्रा ग्राम करनपिपरिया से प्रारंभ हुई जो ग्राम खमराकला और गुद्दम होते हुये ग्राम कौआझिरी पहुंची।

# चालीस गांवों के किसान करेंगे उग्र आंदोलन

## माचागोरा डेम का पानी अमरवाड़ा लाने 10 वर्षों से की जा मांग, क्षेत्रवासियों ने शुरू किया नहर नहीं तो वोट नहीं अभियान




**छिंदवाड़ा ।** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग माचागोरा डैम का पानी नहर के माध्यम से अमरवाड़ा क्षेत्र में लाने की मांग 2013 से की जा रही है लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी संबंधित शासन प्रशासन के द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया गया है अब माचागोरा डैम का पानी अमरवाड़ा क्षेत्र में लाने कि मांग ने अब उग्र आंदोलन लेना शुरू कर दिया है जिसका कारण है कि अमरवाड़ा क्षेत्र के मरकबाड़ा,विनेकी,लिंगपानी क्षेत्र के लगभग 40 ग्राम के लोगों को लाभ मिलेग प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के माचागोरा नहर आंदोलन शुरू किया गया है जिसके अंतर्गत अभी मरकावाडा बिनेकी लिंगपानी क्षेत्र में किसान महापंचायत संघ का गठन कर आंदोलन किया जा रहा है और निरंतर माचागोरा डैम का पानी क्षेत्र में लाने की मांग की जा रही है लेकिन संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के द्वारा अभी तक मांगों को नहीं सुना गया है जिससे आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने विधानसभा चुनाव में वोट नहीं डालने की चेतावनी दे दी है

### नहर नहीं तो वोट नहीं

क्षेत्रवासियों के द्वारा नहर नहीं तो वोट नहीं के बैनर तले आंदोलन किया जा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हमारा आंदोलन निरंतर जारी रहेगा और आगामी 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव का हम बहिष्कार करेंगे क्योंकि जो सरकार जो जनप्रतिनिधि हमारी मांग पूरी नहीं कर सकते किसानों के हित में कार्य नहीं कर सकते ऐसी सरकार को हम वोट नहीं डालेंगे

### 40 गांवों के ग्रामीण हुए एकत्रित

किसान महापंचायत का गठन कर माचागोरा डैम का पानी क्षेत्र में लाने के लिए अब उग्र आंदोलन होगा क्योंकि 10 वर्षों से यह आंदोलन निरंतर चल रहा है लेकिन संबंधित अधिकारियों ने ना तो ध्यान दिया होना ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया है जिसके चलते आक्रोशित ग्रामीणों ने अब उग्र आंदोलन की चेतावनी दे दी है जिसमें लगभग 40 गांवों के लोग अपना सहयोग देंगे 21 फरवरी दिन मंगलवार0 को अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय आंदोलन किया जाएगा साथ ही मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा इस मौके पर सभी क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया।

# भाजपा पार्षद आयुक्त व निगम अध्यक्ष से मिले

## 23 फरवरी को होने वाले परिषद बैठक की कार्यसूची में प्रस्ताव जोड़ने की मांग



**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने आगामी 23 फरवरी को होने वाली परिषद की बैठक में 8 अतिरिक्त प्रस्ताव जोड़ने को लेकर निगम अध्यक्ष और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर अतिरिक्त प्रस्ताव जोड़ने की मांग की है । आगामी 23 होने वाली परिषद की बैठक में जारी कार्यसूची के अनुसार बजट समेत 6 प्रस्ताव परिषद के समक्ष रखे गए हैं । इन प्रस्ताव के अतिरिक्त भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने जलकर की राशि एकमुश्त पटाने पर हितग्राही को पूर्व की तरह एक माह की छूट प्रदान करने की मांग की है । इसी प्रकार से नगर निगम के विभिन्न वार्डों में 2 करोड़ 22 लाख रुपयों के भूमि पूजन जो सांसद नकुल नाथ द्वारा किया गया था उसकी सूची परिषद के पटल पर रखकर वित्तीय प्रशासकीय स्वीकृति लिए जाने की मांग की है। नगर पालिक निगम में कार्यरत ठेका कर्मचारियों की संख्या का अनुमोदन परिषद से कराया जाए , शहर में मकान निर्माण की अनुमति देते वक्त सोलर प्लांट लगाना अनिवार्य करें ताकि ऊर्जा के क्षेत्र में छिंदवाड़ा आत्मनिर्भर हो सके , मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कायाकल्प योजना के अंतर्गत शहर के मुख्य मार्गों के रिनुअल कार्य के लिए 7 करोड रुपए की राशि जारी की गई है इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह को धन्यवाद प्रस्ताव पारित करने के लिए भी प्रस्ताव परिषद की बैठक से स्वीकृत करने की मांग भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने की है । ज्ञापन सौपते वक्त पार्षद उदय सिंह पटेल , दिवाकर सदारंग , रंगो यादव , लोकेश डेहरिया समेत संतोष राय , शिव मालवी , हरि ओम सोनी ,अभिलाष गौहर ,पूर्णिमा मालवी , संगीता उइके उपस्थित थे ।

# अहिंसा स्थली स्थित आदिनाथ जिनालय में हुआ शांति विधान

## स्वाध्याय भवन में पूरे विश्व ने दी जैन रत्न डॉ. संजीवजी गोधा को भावांजलि

**छिन्दवाड़ा** - श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जिनालय में जिनशासन सेवक जुगराज बाबाजी एवं आध्यात्म चक्रवर्ती जैन रत्न डॉ. संजीवकुमारजी गोधा की मंगल स्मृति में शांति विधान का आयोजन कर स्वाध्याय भवन में भावांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें धर्म नगरी छिन्दवाड़ा सहित संम्पूर्ण विश्व के जैन बंधुओं ने डॉ. संजीवकुमारजी गोधा का गुणानुवाद कर उन्हें भावांजलि अर्पित कर उनका 47 वर्ष की अल्प आयु में चला जाना जैन जगत की अपूर्णीय क्षति बताया।कार्यक्रम का शुभारंभ आदित्य पंचौली सनावत द्वारा मंगलचारण कर किया गया पश्चात मुख्य वक्ता पं. राजकुमार शास्त्री उदयपुर, पं. विपिन शास्त्री नागपुर, पं. विराग शास्त्री जबलपुर, पं. अशोक लुहाड़िया मंगलायतन, आई. एस. जैन साव मुम्बई एवं डॉ. किरीटभाई गोसालिया अमेरिका के साथ मण्डल अध्यक्ष शांतिकुमार पाटनी, मंत्री अशोक वैभव, पं. विमल जैन, फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन, पं. रूपेंद्र शास्त्री, पं. प्रखर शास्त्री ने डॉ. संजीव गोधा के जीवन पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का सफल संयोजन पं. ऋषभ शास्त्री एवं सचिन जैन के साथ संचालन डॉ. विवेक जैन ने किया। आभार प्रदर्शन करते हुए दीपकराज जैन कहा कि डॉ. गोधा विशेष रुप से युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे, वे अनेकों संस्थाओं के मार्गदर्शक, सत्पथ फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं सर्वोदय अहिंसा के संरक्षक थे।डॉ. संजीवकुमारजी गोधा की भावांजलि सभा का आयोजन स्वाध्याय भवन के साथ ऑनलाइन भी किया गया जिसमें संम्पूर्ण मध्यप्रदेश सहित भारत ही नही अमेरिका, आस्ट्रेलिया, लंदन, दुबई, सिंगापुर सहित पूरे विश्व से अन्य स्थानों के साधर्मियों ने डॉ. संजीव गोधा के वीडियो प्रवचनों का लाभ लेकर उन्हें भावांजलि अर्पित की।

# कलेक्टर-एसपी पहुंचे लालगांव, शांति की अपील की

## सभी लोग आपसी सौहाद्र के साथ रहें



**छिंदवाड़ा ।** महाशिवरात्रि पर चाँद क्षेत्र के लालगांव में हुए विवाद के बाद आज शांति की अपील करते हुए छिंदवाड़ा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, एसपी विनायक वर्मा लालगांव पहुंचे। अधिकारियों ने ग्राम के गणमान्य लोगों के साथ बैठक की और ताजा हालातों की समीक्षा की। बैठक में ग्राम के सभी पक्षों को सुना गया और सभी से हर परिस्थिति में शांति बनाए रखने की अपील की। कलेक्टर-एसपी ने कहा कि गांव में माहौल शांति प्रिय रहे और सभी के बीच आपसी समन्वय बना रहे, यह गांव के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। लालगांव के ग्रामीणों ने आपस में मिलजुलकर रहने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आपस में गले मिलवाया। इस अवसर एडीएम ओमप्रकाश सनोडिया, एएसपी संजीव उइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नि:शुल्क नेत्र, स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए प्रदेश महामंत्री




**छिन्दवाड़ा ।** मप्र भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष भगवान दास सबनानी छिंदवाड़ा मे आयोजित निशुल्क नेत्र व विशाल स्वास्थ्य शिविर मे शामिल हुऐ इस अवसर पर भाजपा नेता व जनाधिकार सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप रघुवंशी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक साहू, भाजपा नेता कन्हईराम रघुवंशी ,राम आसुदानी, डॉ. कृष्णा हर्जानी, डा हितेश मिश्रा, रोहित पोफली, पूरन आडवाणी सहित समस्त समाजिक बंधु उपस्थित थे ।

# आबकारी विभाग की शह पर समूचे क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही देशी अंग्रेजी शराब

## क्षेत्रों में 7-8 बड़ी-बड़ी कुचीयों के माध्यम से बिक रही शराब

## आबकारी पर हो कार्रवाई प्रभारी मंत्री से होगी शिकायत



**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव ।** जिला के साथ परासिया एवं जुन्नारदेव आबकारी विभाग की सेहत पर कोयलांचल के समूचे क्षेत्र में धड़ल्ले से तेजी एवं अंग्रेजी शराब बिक रही है रुपयों के चलते विभाग के अधिकारी स्वयं साथ में है जिसके चलते सिर्फ एक दुकान को छोड़ सभी बड़ी-बड़ी कुचीयों में एवं अलग से नई तीन दुकानों को अवैध रूप से चला रहा है सभी नियम के विरुद्ध है इस बात से आबकारी विभाग से ले ठेकेदार दोनों प्रसन्न चित्त है और चांदी काट रहे हैं इससे आबकारी विभाग पर कार्रवाई हो एवं चल रही दर्जन भर अवैध दुकानें बंद हो जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल से लिखित शिकायत होगी

### ठेकेदार ने भी निकाला रुपया कमाने का तरीका

वैसे तो इस क्षेत्र में देसी अंग्रेजी शराब के शौकीन लोगों के लिए शासन की ओर से अंबाड़ा मटन मार्केट तहसील परासिया में एक दुकान संचालित थी जहां पर देसी एवं अंग्रेजी शराब मिलती थी किंतु वर्तमान ठेकेदार ने यहां से दुकान उठा पहले पालाचौरई आदिवासी क्षेत्र से सटे पिपराज रोड पर दुकान संचालित की फिर शराब और बीके फायदा और हो यहां दुकान तो चल ही रही थी ठेकेदार ने - भवानी पुलिया के पास सहित मोहन कालरी मां हिंगलाज मंदिर मार्ग पर एवं ग्राम पंचायत इकलेरा में तीन दुकान में और खोल दी इतना ही नहीं जामुन बर्रा पप्पू यादव किराना, सहित उमरिया परसराम किराना, मोरकुंड किराना दुकान के बाजू में, अंबाडा हिंगलाज मंदिर के सामने, खारी सूरज किराना एवं बुर्रीकला विश्वकर्मा किराना, दुकान में बड़ी-बड़ी कूचीयां खुलवा शराब की अंधाधुंध बिक्री करवा रहा है

### टू व्हीलर फोर व्हीलर से होती है सप्लाई

अन्य तीन दुकानों से 7-8 कुचियों में शराब पहुंचाने का काम टू व्हीलर से ले फोर व्हीलर से किया जाता है और यह कार्य रात्रि में सदैव होता है पर मजाल है कोई जवाबदार अधिकारी पकड़कर कार्रवाई कर दे।

### प्रभारी मंत्री से होगी शिकायत

यह बात शाश्वत सत्य है कि उक्त सभी कार्य नियम विरुद्ध है एवं नियमित रूप से संचालित होते रहे जवाबदार लोगों को मंथली से ले अंग्रेजी शराब की बहुत सेवा होती रहती है इस बात के चलते इनसे कारवाही की उम्मीद करना बेमानी प्रतीत होता है अन्य दुकानों एवं कुचियो में शराब की बिक्री बंद हो जवाबदार लोगों पर कार्यवाही को प्रभारी मंत्री कमल पटेल से लिखित शिकायत होगी

# शिवराज सरकार की प्राथमिकता छिन्दवाड़ा का विकास,

## 7.5 करोड़ रु से शहर की सड़को का होगा कायाकल्प: विवेक बंटी साहू

**छिंदवाड़ा ।** प्रदेश की भाजपा नीत शिवराज सरकार द्वारा आज छिंदवाड़ा नगर निगम को साढ़े सात करोड़ रूपये छिंदवाड़ा शहर की सड़कों की मरम्मत के लिए सिंगल क्लिक द्वारा प्रदान किए गए । शहर की सड़कों के डामरीकरण एवं मरम्मत कार्य हेतु कायाकल्प अभियान के अंतर्गत शिवराज सरकार द्वारा छिंदवाड़ा नगर निगम को विकास कार्य हेतु राशि प्रदान करने पर उनके प्रति भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू, भाजपा नेताओं एवं पार्षदों द्वारा धन्यवाद व्यक्त कर आभार जताया गया। राशि प्रदान करने हेतु कार्यक्रम के सीधे प्रसारण का आयोजन वार्ड छिंदवाड़ा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 20,चौडाबाबा क्षेत्र,दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में हुआ । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में लगातार छिंदवाड़ा के विकास हेतु माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा जिले के सर्वांगीण विकास के लिये लगातार बड़े स्तर पर राशि प्रदान की जा रही है एवं बिना किसी भेदभाव के छिंदवाड़ा के विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सड़कों की मरम्मत के लिए राशि प्रदान की गई है, जबकि यह काम नगर निगम का है । 15 माह कमलनाथ सरकार द्वारा झूठे वादे करके सरकार तो बना ली किंतु स्वयं छिंदवाड़ा के विधायक रहते कमलनाथ द्वारा छिंदवाड़ा नगर निगम को विकास कार्य हेतु उनके कार्यकाल में एक नया पैसा तक प्रदान नहीं किया गया और कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं, बेरोजगारों, पेंशनधारकों, किसानों को छलने का काम किया । मध्यप्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी बिना भेदभाव के सड़कों के मरम्मत हेतु नगर निगम छिंदवाड़ा को साढ़े सात करोड़ रूपये की बड़ी राशि प्रदान कर रही है । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू के साथ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, अभिलाष गोहर, शिव मालवी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर, दिवाकर सदारंग, राहुल उईके, संतोष राय, श्रीमती शोभना संतोष राय, संगीता उईके, उदय पटेल, रंगु यादव ,भरत घई, माइकल पहाड़े, लोकेश डेहरिया, राजेश मोखलगाय,शंकर बरमैया, संतोष डेहरिया, गोपाल मालवी, राजकुमार बंदेवार सहित कार्यकर्तागण उपस्थित




# प्रदेश सरकार ने जिले की उन्नति रोकी: कमलनाथ

## कोलिया और भाजीपानी में हुई जनसभा



**छिन्दवाड़ा ।** मुझ पर सम्पूर्ण प्रदेश की जिम्मेदारी है। मैं प्रदेश के जिस भी हिस्से में जाता हूं मुझे अपार स्नेह व जनसमर्थन मिलता है और लगभग सभी क्षेत्रों से यह मांग भी की जाती है कि आप हमारे क्षेत्र से चुनाव लड़िये और हमारे नगर को भी छिन्दवाड़ा जैसा महानगर बना दीजिये। परन्तु हर जगह मेरे दिल और जुबां से केवल एक ही बात निकलती है कि मैं अपना छिन्दवाड़ा कभी भी नहीं छोड़ने वाला हूं। पूरे प्रदेश से छिन्दवाड़ा की सोच अलग है। हमारा 40 साल पुराना नाता है और हमने मिलजुलकर कठिन से कठिन रास्ता तय किया है।उक्त उदगार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हर्रई विकासखंड के ग्राम कोलिया व भाजीपानी में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहे। ग्राम कोलिया पहुंचने पर श्री नाथ ने सर्वप्रथम बड़ा देव स्थल पर पहुंचकर पूजा अर्चना की व सभी के कल्याण के लिये प्रार्थना की। अपनी गुरु परम्परा का पालन करते हुये कमलनाथ ने मंच पर पहुंचने के उपरांत उपस्थित तीन दादाजी का शॉल श्रीफल से सम्मान कर सभी का आशीर्वाद लिया। कोलिया पहुंचने व जनसभा में उपस्थित अनेकों पुराने बुजुर्गों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये पुराने एवं नये संस्मरण साझा किये।श्री नाथ ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ने वह दौर नहीं देखा जब न सड़क थी ना बिजली न स्कूल और कारखाने केवल फोटो में दिखाई देते थे।

### मध्यप्रदेश दारू प्रदेश बन गया-

ग्राम भालपानी में विशाल जनसभा में प्रदेश की भाजपा सरकार व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को घेरते हुये कमलनाथ ने कहा कि आज सम्पूर्ण प्रदेश में घर-घर में रोजमर्रा की चीजें तो नहीं मिलेगी लेकिन शिवराज सरकार ने घर-घर दारू पहुंचाने का बीड़ा उठाया है। अब मध्यप्रदेश दारू प्रदेश बन गया है। अपने 15 महीनों की सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुये श्री नाथ ने कहा कि हमने 6 हजार किमी. की ग्रामीण सड़कें बनवाई। 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया। विवाह निकाह योजना में 51 हजार रुपए वर वधू को दिये, बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाई परन्तु भाजपा को जनता की यह खुशी बर्दाश्त नहीं हुई और उन्होंने सौदेबाजी कर सरकार गिरा दी।

### आज का दौरा कार्यक्रम

सांसद नकुलनाथ एवं पूर्व सीएम कमलनाथ दिनांक 21 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे नागपुर रोड स्थित होटल करण में आयोजित बैठक में सम्मिलित होंगे। तदोपरांत नेताद्वय नागपुर रोड स्थित मोती पैलेस लॉन में प्रातः 11 बजे आयोजित बैठक में शामिल होंगे। सांसद नकुलनाथ का पांढुर्ना ब्लॉक के बड़चिचोली में दोपहर 1 बजे आगमन होगा। दोपहर 2 बजे सौंसर ब्लॉक के बोरगांव आगमन उपरांत वे दोपहर 3.30 बजे मोहगांव पहुंचकर अर्धनारीश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। सांसद नकुलनाथ अपराह्न 4 बजे बिछुआ के कॉलोनी ग्राउंड में आयोजित सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन में सम्मिलित होकर पुरस्कार वितरित करेंगे तदोपरांत वे शिकारपुर के लिये प्रस्थान करेंगे। पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ रात्रि 8 बजे पोला ग्राउंड में आयोजित बादल भोई बलिदान दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# बाइक सवार ने मारी टक्कर

**अमरवाड़ा20फरवरी( जनपक्ष )।** थाना अंतर्गत ग्राम खिरेटी में मोटरसाइकिल चालक कैलाश नामक व्यक्ति ने खिरेटी निवासी फगु पिता मंकु कुरेती को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग फागू को घायल अवस्था में सिविल अस्पताल अमरवाड़ा लाया गया चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

# वाहनों के कटे चालान शमन शुल्क 3000 वसूल की

**अमरवाड़ा।** के मेन रोड में बिना हैलमेट और लाइसेंस के बाइक चलाने वाले 8 चालकों के विरुद्ध एवं दो चोपहिया वाहनों के विरुद्ध नगर निरीक्षक मोहन सिंह के निर्देशन में थानेदार ओ पी सनोडिया प्रधान आरक्षक राम गणेश आरक्षक राजू भारती अभिषेक महेश आदि ने वाहनों को रोककर चालकों से ?3000 शमन शुल्क वसूल किया

# वाहन चालक ने मारी टक्कर मामला दर्ज

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत ग्राम जमुनिया भूरा में वाहन क्रमांक ह्रश्च 35द्ब,9990 के चालक के द्वारा पारस पिता स्वरूप चंद्रवंशी को टक्कर मार देने से घायल को सिविल अस्पताल अमरवाड़ा से छिंदवाड़ा रेफर किया गया छिंदवाड़ा से नागपुर इलाज हेतु भेजा गया वाहन चालक के खिलाफ भादवि की धारा 279 337 में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

# कृष्णमोहन सोनी भोपाल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने

## सुनील पांडे एवं लिली अग्रवाल बने उपाध्यक्ष







**भोपाल।** पूर्व एमआईसी सदस्य कृष्णमोहन सोनी मुनन भैया को भोपाल विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भाजपा नेता सुनील पांडे और पूर्व पार्षद अनिल अग्रवाल लिली को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अगस्त 2019 में तत्कालीन अध्यक्ष ओम यादव का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से बीडीए चेयरमैन का पद खाली था।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कॉलेज के दिनों के मित्र मुनन भैया 2009 से लगातार पार्षद रहे। कृष्णा गौर और आलोक शर्मा के कार्यकाल में वे एमआईसी सदस्य रहे। पिछले साल हुए नगर निगम चुनाव में पार्टी की रणनीति बनाने और घोषणा पत्र तैयार करने तक में उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण थी। जिला भाजपा महामंत्री रहे सुनील पांडे बिट्टन मार्केट में होने वाले दुर्गोत्सव के कारण पहचाने जाते हैं। इसके अलावा भोविप्रा के दूसरे उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल लिली भी जिला भाजपा महामंत्री और पार्षद रहे हैं। वे इस बार जिलाध्यक्ष के भी दावेदार थे।

**अन्य नियुक्तियां**

भोपाल के साथ ही इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर राकेश गोलू शुक्ला की नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश योग आयोग का अध्यक्ष पद हरीश श्रीवास्तव, राज्य विमुक्त घुमक्कड़ और अर्ध घुमक्कड़ जाति विकास अभिकरण का अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा एवं मध्यप्रदेश बांस एवं बांस विकास बोर्ड का अध्यक्ष घनश्याम पिरोनिया को नियुक्त किया गया है।

**25 भाजपा नेताओं को बोर्डों, निगमों के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया**

कांग्रेस छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के बाद उपचुनाव हारने वाले प्रमुख चेहरों में इमरती देवी, गिर्राज दंडोतिया, ऐदल सिंह कंसाना, रणवीर जाटव, मुन्ना लाल गोयल, रघुराज कंसना और जसवंत जाटव शामिल हैं। इन सात में इमरती देवी, ऐदल सिंह कंसाना और गिर्राज दंडोतिया मंत्री थे, जब वे उपचुनाव हार गए थे। इमरती देवी को लघु उद्योग निगम का अध्यक्ष, ऐडल सिंह कंसाना को मध्य प्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम का अध्यक्ष, रणवीर जाटव को संत रविदास मध्य प्रदेश हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम का अध्यक्ष, गिर्राज दंडोतिया को मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम का अध्यक्ष बनाया गया है। और मुन्ना लाल गोयल अब मध्य प्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा कि जसवंत जाटव को राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि रघुराज कंसाना मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के प्रमुख होंगे। शैलेंद्र शर्मा मध्य प्रदेश कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड के अध्यक्ष, विनोद गोटिया मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और आशुतोष तिवारी मप्र हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष हैं। अन्य लोगों में अमिता छपरा हैं, जिन्हें महिला वित्त और विकास निगम की प्रमुख बनाया गया है, निर्मला बारेला, जो एमपी एससी / एसटी वित्त विकास निगम की प्रमुख हैं और जयपाल चावड़ा, जिन्हें इंदौर विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# कांग्रेस संभागों में करेगी बड़े सम्मेलन, सभी वरिष्ठ नेता होंगे शामिल



भोपाल। नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस संभाग स्तर पर बड़े सम्मेलन करेगी। इसकी शुरुआत अप्रैल से होगी। कुछ स्थानों पर संभागीय मुख्यालय तो कुछ स्थानों पर उन विधानसभा क्षेत्रों में सम्मेलन होंगे, जहां पार्टी पिछले तीन-चार चुनाव लगातार हार रही है। क्षेत्र के सभी बड़े नेता इन सम्मेलनों में शामिल होंगे और केंद्रीय नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा।

विधानसभा चुनाव के लिए नौ माह का समय बचा है। अक्टूबर अंत तक आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसे देखते हुए कांग्रेस ने कार्ययोजना तैयार की है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि मानसून आने के पहले सभी संभागीय मुख्यालय में एक-एक बड़े सम्मेलन किए जाएंगे। इसमें सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश देने के साथ मैदानी मोर्चे पर डटे रहने का संदेश देने का काम करेंगे। सम्मेलन की शुरुआत सागर संभाग के किसी विधानसभा क्षेत्र से हो सकती है। इसमें रेहली और बीना विधानसभा शामिल हैं। रेहली में भाजपा के गोपाल भार्गव आठ बार से विधायक हैं। इसी तरह बीना में भी कांग्रेस लगातार पीछे रही है। खुरई विधानसभा से भूपेंद्र सिंह विधायक हैं। यहां नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को चुनाव लड़ाने के लिए प्रत्याशी तक नहीं मिले थे। कार्यकर्ताओं के गिरते मनोबल को देखते हुए पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह वहां पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की थी।

पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होने के बाद वरिष्ठ नेताओं के मैदानी दौरे तेज होंगे। अभी तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ 15 जिलों का दौरा कर चुके हैं। साथ ही सतना में पिछड़ा वर्ग, ग्वालियर में रविदास जयंती और सागर में अनुसूचित जाति के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। साथ ही उन विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन किए गए हैं, जहां पार्टी को लगातार पराजय का सामना करना पड़ रहा है। इनके लिए अलग कार्ययोजना भी बना गई है। इसमें अन्य विधानसभा क्षेत्रों की तुलना में पहले प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएंगे। इसकी तैयारी भी प्रारंभ हो चुकी है।

# कुबेरेश्वर धाम में 2 और मौतें, तबीयत बिगड़ने से महिला, हार्ट अटैक से पुलिसकर्मी की जान गई

**सीहोर।** कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम में सोमवार को दो और लोगों की मौत हो गई। इनमें एक महिला और एक पुलिसकर्मी शामिल है। बता दें, कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव चल रहा है, जिसमें शामिल होने लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कुबेरेश्वर धाम में 5 दिन में 5 लोगों की मौत हो चुकी है।


उत्तर प्रदेश के झांसी की पूनम ठाकुर (40) पत्नी सत्य प्रकाश ठाकुर रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल होने कुबेरेश्वर आई थीं। बताया जा रहा है कि अचानक तबीयत खराब होने से शाम करीब साढ़े 4 बजे उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि मृतक महिला को कुबेरेश्वर धाम की एम्बुलेंस से लाया गया था।

## पुलिसकर्मी की हार्ट अटैक से मौत

महिला के अलावा एक पुलिसकर्मी की मौत भी हुई है। जानकारी के अनुसार इंदौर के खजराना पुलिस थाने में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ श्याम मीणा की ड्यूटी कुबेरेश्वर धाम में लगाई गई थी, जहां उनकी मृत्यु हो गई है। बताया गया है कि प्रधान आरक्षक श्याम मीणा की मौत हार्ट अटैक आने के कारण हुई है। कुबेरेश्वर धाम में एक महिला से मारपीट भी हुई है। उसने चेन छीनने और कुछ लोगों पर मारपीट के आरोप लगाए है। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं कुबेरेश्वर धाम समिति का कहना है कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। महिला के आरोप झूठे हैं।

रुद्राक्ष महोत्सव में आई नीमच की महिला ने आरोप लगाया कि उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है। महिला ने इस मामले की शिकायत सीहोर के मंडी थाने में दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि महिला का मेडिकल करवाया गया है और आगे की जांच कर रहे है। महिला का नाम इंद्रा मालवीय (35) है, वह नीमच के मनासा के घोटापिपलिया गांव की रहने वाली है। वह सोमवार को कुबेरेश्वर धाम आई थीं।

# बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री के भाई पर एफआईआर दर्ज





छतरपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री के भाई सौरव गर्ग उर्फ शालिग्राम पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। दो दिन पहले शालिग्राम का एक वीडियो फेसबुक पर वायरल हुआ था, जिसमें वह सिगरेट और हाथ में कट्टा लेकर एक शादी समारोह में लोगों को धमका रहा है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 294, 323, 506, 427 के साथ-साथ एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

गढ़ा गांव में 11 फरवरी को अहिरवार समाज के एक परिवार में बेटी की शादी हो रही थी। परिवार ने पहले बागेश्वर धाम के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी के लिए आवेदन दिया था, लेकिन बाद में निजी कार्यक्रम करने का फैसला किया। शादी की बात पता चलते ही रात करीब 12 बजे धीरेंद्र शास्त्री का छोटा भाई शालिग्राम अपने कुछ साथियों के साथ शादी समारोह में पहुंच गया। यहां उसने उत्पात मचाया और वहां मौजूद लोगों को धमकाया।

डरे-सहमे परिवार के लोगों ने शादी रोक दी। बारात लौट गई और रिश्तेदार भी चले गए। परिवार में इतना खौफ है कि कोई भी धीरेंद्र शास्त्री के भाई के खिलाफ बोलने को आगे नहीं आया। अब वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने ही ख्रढ्ढक्रदर्ज की है। जांच के लिए स्पेशल टीम बनाई गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

शनिवार को गढ़ा गांव के रहने वाले राम असरे ने फेसबुक पर एक पोस्ट किया। पोस्ट के साथ एक वीडियो अटैच्ड था। वीडियो में पं. धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग्राम एक शादी समारोह में लोगों से गाली गलौज कर रहा था। सिगरेट पीते हुए मारपीट करने लगा। जब लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने कट्टा निकाल लिया और हवाई फायर किए। कट्टा लहराते हुए धमकाया कि शादी होगी तो सिर्फ सामूहिक विवाह सम्मेलन में। शादी समारोह में मौजूद महिलाओं से भी बदतमीजी की। चश्मदीद अटकौहां गांव के बरई अहिरवार ने बताया कि शालिग्राम कुछ लड़कों के साथ आया था। उन्होंने राई बजाने से मना किया और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घर में घुसकर भी मारपीट की और धमकियां दीं।

धीरेंद्र शास्त्री ने पीड़ित को बुलाया, परिवार ने मना कर दिया

राम असरे ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि सौरव के उत्पात मचाने की जानकारी मिलते ही पं. धीरेंद्र शास्त्री ने पीड़ित परिवार को बागेश्वर धाम मिलने बुलाया था, लेकिन परिवार ने मना कर दिया। इसके बाद बागेश्वर धाम के लोग परिवार के घर आए और उन्हें अपने साथ धीरेंद्र शास्त्री के पास ले गए। पं. धीरेंद्र शास्त्री ने पीड़ित परिवार को नुकसान की भरपाई करने की बात कही और कहा कि पुलिस में शिकायत नहीं करें।

# नशे में गाड़ी चलाते तीसरी बार पकड़े गए तो आजीवन वाहन चलाना करेंगे प्रतिबंधित: चौहान



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि शराब के नशे पर वाहन चलाने पर पहली बार पकड़े गए तो 6 महीने तक का ड्राइविंग लाइसेंस कैंसिल कर दिया जाएगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर 2 साल के लिए और तीसरी बार पकड़े गए तो आजीवन प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। फिर आप गाड़ी चला ही नहीं सकते।

उन्होंने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने की लत अगर आपने नशा कर लिया शराब पी ली तो खुद पर नियंत्रण नहीं रहता है। इसलिए या तो खुद दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं या लोगों को घटना के शिकार बना देते हैं। कई बार हम सुनते हैं, गाड़ी चला रहे थे, नशे में थे तो एक्सीडेंट हो गया और कई बार दूसरों की जिंदगी पर भी खतरा बन जाते हैं। यह हतोत्साहित करना जरूरी है और लोगों को सुरक्षित रखना भी जरूरी है। इसलिए हमने कई प्रावधान किए हैं जो नशे में खतरनाक ढंग से गाड़ी चलाते हुए एक्सीडेंट इत्यादि होते हैं तो उसमें भी हम सजा बढ़ाएंगे। उसको विधि विभाग से कहा है कि इसकी सजा और कैसे कितनी बढ़ाई जा सकती है।



स्वावलंबी भारत अभियान रोजगार सृजन केंद्र की राष्ट्रीय कार्यशाला पूसा कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में आयोजित की गई।




अपनी मांगों को लेकर मप्र कर्मचारी मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे के नेतृत्व में आज प्रदर्शन किया गया।




चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लाभार्थियों को तीर्थ यात्रा के टिकट वितरित किए।

# सुनी सुनाई: संघ के दखल से जारी हुई शराब नीति!

**रवीन्द्र जैन**

मप्र की नई शराब नीति को लागू कराने में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत जी की अहम भूमिका बताई जा रही है। खबर आ रही है कि शराब नीति को लेकर उमा भारती के सुझावों को राज्य सरकार स्वीकार करने तैयार नहीं थी। उमा के बगावती तेवरों को लेकर शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी आलाकमान से बात की तो वहां से सुझाव दिया गया कि उमा के मुद्दे पर नागपुर बात की जाए। शिवराज सिंह चौहान नागपुर पहुंचे तो संघ प्रमुख ने दो टूक शब्दों में कहा कि शराब नीति को लेकर जो सुझाव उमा भारती दे रही हैं उनसे संघ सहमत है। संघ प्रमुख ने गुजरात की तरह पूर्ण शराब बंदी पर विचार करने को कहा। नागपुर से उल्टे पांव लौटे सीएम ने तत्काल पांच मंत्रियों की समिति बनाई। कुछ घंटे में ही उमा भारती के सुझावों को शामिल कर नई शराब नीति को कैबिनेट में मंजूरी दे दी गई।

## दोनों संवैधानिक संस्थाओं के चीफ होंगे एक्सटेंशन पर

मप्र के इतिहास में शायद पहली बार होगा जब दोनों संवैधानिक संस्थाओं कार्यपालिका और विधायिका के प्रशासनिक मुखिया एक्सटेंशन वाले होंगे। मुख्यसचिव इकबाल सिंह बैस पहले से ही एक्सटेंशन पर हैं। अब मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह को एक्सटेंशन देने की फाइल दौड़ने वाली है। एपी सिंह का रिटायरमेंट 31 मार्च को है। फिलहाल विधानसभा सचिवालय में ऐसा कोई अधिकारी नहीं है जो एपी सिंह की जगह पीएस का काम सम्हाल सके। वैसे चर्चा यह भी है कि स्पीकर गिरीश गौतम और उनकी टीम एपी सिंह को पसंद नहीं कर रही है। यदि स्पीकर की चली तो एपी सिंह के स्थान पर किसी जिला जज को प्रतिनियुक्ति पर लाया जा सकता है। लेकिन एपी सिंह का खूंटा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा के यहां गहरा गड़ा है। यह दोनों नेता शायद ही विधायिका के किसी अनुभवहीन जज को यहां लाकर बिठाएंगे। यानि एपी सिंह को एक्सटेंशन मिलना तय माना जा रहा है।

## चुनाव आयोग के पचड़े में पड़ सकता है सीएस का एक्सटेंशन!

प्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस का 6 महीने का एक्सटेंशन 31 मई को पूरा होने जा रहा है। ऐसे में उनका एक्सटेंशन बढ़ाने पर फिर प्रशासनिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है। चर्चा यह भी है कि इस बार का एक्सटेंशन चुनाव आयोग के पचड़े में पड़ सकता है। क्योंकि यदि बैंस को 6 महीने का एक और एक्सटेंशन मिलता है तो विधानसभा चुनाव उनके नेतृत्व में ही होंगे। इससे पहले कांग्रेस चुनाव आयोग में एक्सटेंशन का विरोध कर सकती है। हालांकि चुनाव आयोग में पचड़े से पहले जीएडी इसकी काट तलाश रही है। साथ ही कांग्रेस भी मई का इंतजार कर रही है। खबर है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हरहाल में चुनाव तक इकबाल सिंह बैस को बनाये रखना चाहते हैं। इसके लिए भारत सरकार से भी हरसंभव मदद ली जाएगी।

## बहू की बगावत और नेताजी का सरेंडर

सागर जिले में भाजपा और कांग्रेस के दो दिग्गज नेताओं का झगड़ा लंबे समय से चर्चा में रहा है। जिसकी सरकार आती है वह नेता दूसरे पर हावी हो जाता है। फिलहाल पलड़ा भाजपा के दिग्गज नेता का भारी है। कांग्रेस के दिग्गज नेता और उनके समर्थकों पर इतने मुकदमे लाद दिये गये हैं कि कांग्रेस नेता को कांग्रेस छोड़ने पर विवश कर दिया गया। पहले चर्चा थी कि वे भाजपा में आएंगे, लेकिन भाजपा के दरवाजे भी बंद करा दिए गये। अब हारे थके कांग्रेस नेता के साथ घर में बगावत की खबर आ रही है। बताते हैं कि उनकी बहू ने ही परिवार से बगावत कर दी है। यह भी खबर आ रही है कि बहू मोटा माल समेटकर प्रेमी के साथ छू हो गई। इस घटना से हैरान परेशान कांग्रेस नेता ने अब भाजपा नेता के सामने पूरी तरह समर्पण कर दिया है। बहू के मुद्दे पर वे भाजपा नेता से मदद की गुहार लगाते नजर आ रहे हैं।

## रिवाल्वर की रिश्वत भी हुई मंहगी!

मप्र में रिवाल्वर का लायसेंस बनवाने के लिए लगने वाली रिश्वत की राशि में पिछले तीन वर्ष में तीन गुनी वृद्धि हो गई है। इसके लिए राजधानी में दलाल सक्रिय हैं जो पूरी ईमानदारी से काम करते हैं। जिले से रिवाल्वर के लायसेंस का प्रस्ताव भिजवाने की गारंटी आवेदक की है। प्रस्ताव भोपाल आने के बाद बिना उचित दलाल या दबाव के आपका रिवाल्वर का लायसेंस नहीं बन सकता। तीन वर्ष पहले दलाल पूरी ईमानदारी से दो लाख ऊपर वाले के लिए और पचास हजार खुद के लिए लेकर लायसेंस बनवा देते थे। धीरे धीरे यह राशि दो से तीन, चार, पांच और अब छह लाख पहुंच गई है। मजेदार बात यह है कि इतनी मोटी रिश्वत राशि देकर भी लोग रिवाल्वर का लायसेंस लेने लाईन लगाकर तैयार हैं।

## नया जहाज लाता है नई सरकार!

मप्र में पिछले 20 वर्ष से ऐसी किदवंती है कि राज्य सरकार जब भी कोई नया हवाई जहाज खरीदती है तो प्रदेश में नई सरकार बन जाती है। 20 वर्ष पहले 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के समय सरकार ने विमान खरीदा था। उसी वर्ष प्रदेश में सरकार बदल गई। इसके बाद 2018 में शिवराज सरकार ने विमान खरीदने के आदेश जारी कर दिए थे, लेकिन मप्र में जब विमान आया तब कमलनाथ की सरकार बन चुकी थी। अब मप्र सरकार एक बार फिर नया विमान खरीदने का आदेश जारी करने की तैयारी में है। खास बात यह है कि इसी साल चुनाव होना है।

# कचरा वाहनों के जीपीएस बंद, हर साल 50 लाख रुपये का भुगतान

भोपाल। डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने वाले वाहनों की मानिटरिंग के लिए छह वर्ष पहले नगर निगम द्वारा जीपीएस सिस्टम लगाए गए थे। ये अब खराब हो चुके हैं, या वाहन चालकों ने इन्?हें निकाल दिया है। इसके बावजूद कागजों में इन कचरा वाहनों की लाइव निगरानी हो रही है, जिसका हर वर्ष नगर निगम द्वारा एक निजी कंपनी को 50 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया जा रहा है। हकीकत यह है कि 90 प्रतिशत कचरा वाहनों की रियल टाइम निगरानी नहीं होने से ये मनमाने मार्ग पर दौड़ रहे हैं।

नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि छह वर्ष पहले 431 डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और 263 रोड स्वीपिंग वाहनों में जीपीएस लगाया गया था। तब इसकी लाइव निगरानी स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से की जा रही थी। इनकी निगरानी की जिम्मेदारी इंदौर की निजी संस्था ब्रेन एबाव को दी गई है। संबंधित कंपनी को जीपीएस वाहनों की ट्रैकिंग, इनके लिए नए मार्गो का विस्तार कर साफ्टवेयर में अपलोड करने के साथ इन्हें आनबोर्ड कराने का दायित्व सौंपा था। जीपीएस से निगरानी होने के बाद कचरा वाहनों में डीजल की खपत कम हो गई थी। हर माह नगर निगम को करीब पांच हजार लीटर डीजल की बचत हो रही थी। लेकिन कचरा वाहन चालकों ने डीजल चोरी करने के लिए जीपीएस खराब कर दिए या निकाल दिए। इसके बावजूद नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने वाहन चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं की। हर माह जीपीएस लगाने और इसकी निगरानी करने वाली संस्था को भुगतान किया जाता रहा।

**जीपीएस बंद होने से बिगड़ी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था:** नगर निगम के अधिकारियों का दावा था कि इन वाहनों में जीपीएस लगने के बाद डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था में सुधार होगा। वाहन चालक डीजल चोरी नहीं कर सकेंगे। प्रतिदिन अपने मार्ग पर कचरा वाहन नहीं पहुंचने पर बिना शिकायत के कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में इनकी रियल टाइम निगरानी होगी। इससे कचरा उठाने में सफाईकर्मी लापरवाही नहीं कर सकेंगे, लेकिन इसके उलट जीपीएस बंद होने से शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेपटरी हो गई है।

**निगमायुक्त के निर्देश के बाद भी नहीं सुधरे हालात:** छह महीने पहले नगर निगम आयुक्त ने 283 कचरा वाहनों के जीपीएस सिस्टम की समीक्षा की थी। उस समय 163 वाहनों के जीपीएस खराब पाए गए थे। इसके बाद आयुक्त ने इनको सुधारने के निर्देश कंपनी को दिए थे। लेकिन छह माद बाद भी न तो इन वाहनों में नए जीपीएस सिस्टम लगाए गए और ना ही इनका सुधार हुआ।